दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शनिवार 24 जनवरी -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 36 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# केरल का विकास हमारी प्राथमिकता अब बदलाव होकर रहेगा: पीएम मोदी



**तिरुवनंतपुरम।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु और केरल का दौरा किया। यहां उन्होंने दो रैलियों को संबोधित किया। केरल के तिरुवनंतपुरम में 55 मिनट की स्पीच में पीएम ने कहा कि 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी। अखबार में दो लाइन नहीं छपती थीं।

1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की, वैसे ही बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में हासिल की। यहां से केरल में भाजपा की नींव पड़ गई है।

तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में पीएम ने कहा कि राज्य के लोग डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। पीएम ने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा कि तमिलनाडु सरकार बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगी है।

पीएम का तमिलनाडु और केरल का दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि इसी साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं।

डीएमके ने वादे बहुत किए लेकिन काम जीरो रहा। डीएमके सरकार को लोग उटउ सरकार बोल रहे हैं। यानी करप्शन माफिया और क्राइम को बढ़ावा देने वाली सरकार। तमिलनाडु की जनता डीएमके को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। यहां एनडीए की डबल इंजन सरकार बनना तय है। डीएमके में वही आगे बढ़ता है जिसके पास करप्शन रूट, एब्यूज वूमेन रूट और एब्यूज अवर कल्चर रूट हैं। यही कारण है कि डीएमके में वहीं लोग आगे बढ़ रहे हैं जिन्हें ये सब काम आते हैं। तमिलनाडु का बच्चा बच्चा जानता है कि कहां कितना करप्शन हो रहा है और ये कमाई किसकी जेब में जा रही है। बीते 11 सालों

शेष, पृष्ठ 2

# पंजाब में चार आतंकी ढाई किलो आरडीएक्स के साथ गिरफ्तार, गणतंत्र दिवस पर थी धमाके करने की साजिश

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस से पहले पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ पंजाब पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। होशियारपुर पुलिस ने काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर के साथ संयुक्त कार्रवाई में प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में चार आतंकियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग ढाई किलोग्राम आरडीएक्स से बना शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण और दो अवैध पिस्तौल बरामद की गई हैं।

डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दिलजोत सिंह, हरमन सिंह उर्फ हैरी उर्फ हर्री, अजय उर्फ मेहरा और अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श कंदोला के रूप में हुई है। सभी आरोपी नवांशहर जिले के राहों क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बरामद विस्फोटक का इस्तेमाल गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान लक्षित आतंकी हमले के लिए किया जाना



था। सूत्रों के अनुसार काउंटर इंटेलिजेंस विंग पाकिस्तान से तस्करी कर लाए गए विस्फोटकों के संबंध में एक महत्वपूर्ण सुराग का काफी समय से पीछा कर रही थी। इस सुराग के आधार पर पता चला कि राहों क्षेत्र के इन संदिग्धों को हथियार और विस्फोटक सौंपे गए थे ताकि वे राष्ट्रीय पर्व के दौरान कोई बड़ी वारदात अंजाम दे सकें। संदिग्धों पर कई दिनों तक गुप्त निगरानी रखी गई और पुख्ता जानकारी मिलने के बाद उन्हें दबोच लिया गया।

होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संदीप मलिक ने बताया कि विदेशी बैठे बब्बर खालसा के संचालकों ने सीमा पार फिरोजपुर और अमृतसर ग्रामीण क्षेत्रों के रास्ते हथियार भिजवाकर यह मॉड्यूल तैयार किया था। मामले की गहन जांच जारी है।

इस संबंध में गढ़शंकर थाने में भारतीय न्याय संहिता, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने राज्य में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखने का भरोसा दिलाया है।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का धरना रहा जारी, तबीयत बिगड़ी



**प्रयागराज।** 18 जनवरी, मौनी अमावस्या से ही माघ मेले में धरने पर बैठे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की तबीयत शुक्रवार को बिगड़ गई। उनको बुखार हो गया है। खुले आसमान के नीचे छह दिन से बैठने के कारण उनके स्वास्थ्य में खराबी आई है। चिकित्सकों से परामर्श लिया गया है। फिलहाल वह आराम कर रहे हैं और लोगों से मुलाकात करने से बच रहे हैं। शंकराचार्य के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज ने तबीयत खराब होने की पुष्टि की है।

मौनी अमावस्या पर मेला प्रशासन ने उनकी पालकी रोक दी थी और उन्हें वापस लौटा दिया था। शंकराचार्य के शिष्य और संतों का आरोप है कि चोटी और शिखा पकड़कर उनको पटक कर मारा गया। दंड छीनकर फेंक दिए गए। पिटाई के कारण कई साधु-संन्यासियों की हालत खराब हो गई। घटना से नाराज शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने धरना शुरू कर दिया है। उनको पुलिस ने पालकी समेत उनके त्रिवेणी मार्ग स्थित शिविर के सामने छोड़ दिया था।

# हाउस टैक्स पर महापौर का फैसला स्वागत योग्य, लेकिन अमल को लेकर सवाल बरकरार

## पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने उठाए सवाल






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर चल रहे विवाद के बीच महापौर सुनीता दयाल द्वारा जारी बयान से जनता को राहत की उम्मीद जगी है, लेकिन इस फैसले के व्यावहारिक क्रियान्वयन को लेकर अब भी कई सवाल खड़े हैं। यह कहना है हाउस टैक्स के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाले और पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी का। उन्होंने महापौर के उस बयान का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया था कि बढ़ी हुई हाउस टैक्स दरों की वसूली नहीं की जाएगी और जनता पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं डाला जाएगा, भले ही यह मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन क्यों न हो। राजेंद्र त्यागी ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि नगर निगम पुरानी दरों पर ही हाउस टैक्स वसूल करने की बात कर रहा है, तो उन करदाताओं का क्या होगा, जिनसे पहले ही बढ़ी हुई दरों पर टैक्स जमा कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नगर निगम गाजियाबाद की ओर से अब तक कोई ठोस और लिखित दिशा-निर्देश सामने नहीं आया है। केवल मीडिया बयान से न तो स्थिति स्पष्ट होती है और न ही कोर्ट में इससे कोई राहत मिल सकती है।

### कोर्ट में एफिडेविट जरूरी



करंट क्राइम : पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने मांग की है कि नगर निगम, महापौर या नगर आयुक्त की ओर से एक स्पष्ट एफिडेविट हाई कोर्ट में दाखिल किया जाए, जिसमें साफ-साफ यह उल्लेख हो कि हाउस टैक्स की वसूली केवल पुरानी दरों पर ही की जाएगी। बढ़ी हुई दरों को प्रभावी नहीं माना जाएगा। जिन नागरिकों से अधिक टैक्स वसूला गया है, उसे भविष्य में समायोजित या वापस किया जाएगा। वहीं पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा कि जब तक ऐसा एफिडेविट कोर्ट में दाखिल नहीं किया जाता, तब तक न तो केस की दिशा स्पष्ट होगी और न ही जनता को वास्तविक राहत मिल पाएगी।

### नगर निगम के अधिकारियों की भूमिका पर उठाए सवाल

करंट क्राइम : हाउस टैक्स विवाद के साथ-साथ पूर्व पार्षद ने नगर निगम के कुछ अधिकारियों की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम की संपत्तियों के किरायेदारों से जल और सीवर कर की एक निर्धारित वार्षिक राशि ली जाती है, लेकिन रमते राम रोड और पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम से जुड़े मामलों में नियमों के विपरीत तरीके से खातों में हेराफेरी की गई। पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी का आरोप है कि एक खाते से दूसरे खाते में धनराशि स्थानांतरित कर रेवेन्यू को कृत्रिम रूप से बढ़ाने का प्रयास किया गया, जो पूरी तरह नियम विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में केवल मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ही नहीं, बल्कि अकाउंट विभाग समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हो सकते हैं। पूर्व पार्षद ने कहा कि पूरे मामले में केवल मुख्य टैक्स अधिकारी को जिम्मेदार ठहराना सच्चाई को छिपाने जैसा है। यदि मामले की निष्पक्ष जांच होती है, तो इसमें कई स्तरों पर जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

### 27 जनवरी को हाई कोर्ट में अगली सुनवाई

करंट क्राइम : हाउस टैक्स विवाद को लेकर हाई कोर्ट में दायर याचिका पर अगली सुनवाई 27 जनवरी को निर्धारित है। केस का क्रमांक 40 बताया जा रहा है। अब यह देखना अहम होगा कि इस तारीख पर कोर्ट में कोई ठोस बहस होती है या नगर निगम की ओर से कोई स्पष्ट रुख सामने आता है।

### जनता को राहत की उम्मीद, लेकिन स्थिति अभी भी स्पष्ट नहीं

करंट क्राइम : कुल मिलाकर महापौर सुनीता दयाल के बयान से जनता को राहत की उम्मीद जरूर बनी है, लेकिन जब तक यह फैसला कानूनी रूप से स्पष्ट और लागू नहीं किया जाता, तब तक हाउस टैक्स को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रहेगी। नगर निगम के अगले कदम और 27 जनवरी को कोर्ट में होने वाली सुनवाई इस पूरे मामले की दिशा तय करेगी।

# पुरानी दरों पर हाउस टैक्स वसूली के फैसले से जनता में खुशी की लहर दैनिक करंट क्राइम की खबर सोशल मीडिया पर जमकर हुई वायरल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुरानी दरों पर ही हाउस टैक्स वसूली किए जाने के महापौर सुनीता दयाल के फैसले के बाद गाजियाबाद की जनता में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस फैसले को लेकर सोशल मीडिया पर जमकर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। लोग न सिर्फ महापौर के निर्णय की सराहना कर रहे हैं, बल्कि दैनिक करंट क्राइम में प्रकाशित खबर को बड़े पैमाने पर शेयर भी किया जा रहा है।


मेयर ने कहा : सदन के फैसले का होगा सम्मान
पुरानी दरों पर ही वसूला जायेगा हाउस टैक्स

गुरुवार को गाजियाबाद नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल ने बयान जारी करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि सदन के फैसले का सम्मान किया जाएगा और हाउस टैक्स की वसूली पुरानी दरों पर ही होगी। उन्होंने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर कर विभाग और कर अधिकारियों की भूमिका पर भी कई गंभीर सवाल खड़े किए। बीते कई महीनों से गाजियाबाद में हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर भारतीय जनता पार्टी, विपक्षी दलों, पार्षदों और आम जनता के बीच तीखी बहस चल रही थी। सोशल मीडिया पर यह मुद्दा लगातार चर्चा का विषय बना हुआ था। ऐसे में महापौर सुनीता दयाल के इस फैसले के बाद हालात काफी हद तक शांत होते नजर आ रहे हैं।

महापौर सुनीता दयाल के इस फैसले को दैनिक करंट क्राइम ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद शुक्रवार को यह खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। भाजपा नेताओं से लेकर आम नागरिकों तक ने इसे फेसबुक, व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया। नगर निगम की कार्यकारिणी के सदस्य, पार्षद संघर्ष समिति से जुड़े पार्षदों और जनप्रतिनिधियों ने भी दैनिक करंट क्राइम की इस खबर को अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट कर समर्थन जताया, जिससे पूरे मामले को लेकर नई ऊर्जा देखने को मिली।

### जनहित में लिया गया बड़ा फैसला : महापौर



करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल द्वारा पुरानी दरों पर ही हाउस टैक्स वसूली और सदन के फैसले को सर्वोपरि मानने की घोषणा को जनता ने जनहित में लिया गया बड़ा कदम बताया है। सोशल मीडिया पर लोग महापौर सुनीता दयाल को धन्यवाद दे रहे हैं और उन्हें गाजियाबाद के हित में निर्णय लेने वाली जनप्रतिनिधि के रूप में देख रहे हैं। कई लोग इस फैसले को आगामी विधानसभा चुनावों से जोड़कर भी देख रहे हैं और मान रहे हैं कि यह निर्णय आम जनता को राहत देने वाला है।

### अब जनता का सवाल : जमा किया गया अधिक हाउस टैक्स वापस होगा या नहीं?

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल के फैसले के बाद अब जनता की ओर से एक नया सवाल उठ खड़ा हुआ है। सोशल मीडिया पर लोग पूछ रहे हैं कि जो हाउस टैक्स बढ़ी हुई दरों पर पहले ही जमा किया जा चुका है, उसका क्या होगा? दरअसल, नगर निगम के कर विभाग द्वारा पहले बढ़ी हुई दरों के अनुसार टैक्स बिल जारी किए गए थे और कई लोगों ने वह बढ़ा हुआ टैक्स जमा भी कर दिया। अब सवाल यह है कि जब महापौर सुनीता दयाल ने स्पष्ट कर दिया है कि वसूली पुरानी दरों पर ही होगी, तो क्या अतिरिक्त जमा की गई राशि वापस की जाएगी या भविष्य में समायोजित की जाएगी।

### कब से बढ़ी दरों के नोटिसों पर भी लगेगी रोक?

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में एक और अहम मुद्दा सामने आ रहा है। नगर निगम के विभिन्न जोनल कार्यालयों द्वारा कर अधिकारियों के माध्यम से बढ़ी हुई दरों पर न सिर्फ आम जनता बल्कि कई जनप्रतिनिधियों को भी हाउस टैक्स के नोटिस जारी किए गए थे। नगर निगम सदन की बोर्ड बैठक में, जिसमें भाजपा के कैबिनेट मंत्री, विधायक और पार्षद मौजूद थे, सभी ने एकजुट होकर हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का विरोध किया था। बावजूद इसके नोटिस जारी किए गए, जिस पर अब सवाल उठ रहा है कि क्या इन बढ़ी हुई दरों वाले नोटिसों पर भी रोक लगेगी और उन्हें निरस्त किया जाएगा। कुल मिलाकर हाउस टैक्स का मुद्दा बीते कुछ महीनों से गाजियाबाद में सत्ताधारी दल, नगर निगम अधिकारियों और प्रशासन के लिए खींचतान का कारण बना हुआ था। महापौर सुनीता दयाल के इस बयान और फैसले के बाद मामले को लेकर काफी हद तक राहत और समाधान की स्थिति बनती नजर आ रही है। अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि नगर निगम प्रशासन आगे इस फैसले को किस तरह से लागू करता है और जनता के सवालों का क्या व्यावहारिक समाधान निकलता है।

# मेयर के बोल्ड फैसले पर गाजियाबाद की जनता बोली - थैंक्स, विरोधी भी बोले वाह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हाउस टैक्स को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद के बीच गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल गुरुवार को पूरे एक्शन मोड में नजर आईं। मीडिया को जारी अपने बयान में उन्होंने साफ कर दिया कि हाउस टैक्स पुरानी दरों पर ही वसूला जाएगा और सदन के फैसले का हर हाल में सम्मान होगा। अब तक हाउस टैक्स वृद्धि को लेकर पार्षदों का लखनऊ जाना, मिनट बुक्स को लेकर धरना और टैक्स की दरों पर असमंजस बना हुआ था। इस पूरे मामले में महापौर की चुप्पी को लेकर भी सवाल उठ रहे थे, लेकिन 22 जनवरी, गुरुवार को दिए गए उनके स्पष्ट बयान ने तस्वीर साफ कर दी। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि 30 जून 2025 को हुई बोर्ड बैठक में सदन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया था कि गृह कर पुरानी दरों पर ही वसूला जाएगा और कोई नई दर लागू नहीं होगी। उन्होंने दो टूक कहा कि सदन सर्वोपरि है और वही निर्णय अंतिम होगा। यदि भविष्य में आवश्यकता पड़ी तो इस विषय पर दोबारा सदन में विचार किया जा सकता है। इस फैसले के बाद न सिर्फ उनके विरोधी चारों खाने चित नजर आए, बल्कि गाजियाबाद की जनता लगातार महापौर को धन्यवाद देती दिख रही है।

### पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल बोले- जनता को बड़ी राहत केस बचेगा ही नहीं



करंट क्राइम : पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने महापौर के फैसले का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि वह माननीय मेयर का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि मेयर वही बात कह रही हैं जो शहर की जनता चाहती है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि नगर निगम प्रशासन हाईकोर्ट में यह शपथपत्र दाखिल कर दे कि वह पुराने रेट से ही टैक्स लेने को तैयार है, तो मामला स्वत: समाप्त हो जाएगा और जनता को बड़ी परेशानी से राहत मिलेगी।

### पूर्व मेयर अशु वर्मा बोले- जोनल कार्यालयों को तुरंत मिले सूचना



करंट क्राइम : पूर्व महापौर अशु वर्मा ने भी महापौर के बयान का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 30 जून 2025 को महापौर की अध्यक्षता में हुई सदन की बैठक में सभी पार्षदों के साथ-साथ पदेन सदस्यों—कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, विधायक रणजीत पाल त्यागी और संजीव शर्मा—की मौजूदगी में सर्वसम्मति से बढ़े हुए हाउस टैक्स को निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। अशु वर्मा ने कहा कि यह फैसला 20 से 30 लाख महानगरवासियों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है और महापौर द्वारा उस निर्णय को लागू करने की बात कहना जनता के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने मांग की कि इस फैसले की तत्काल सूचना सभी जोनल कार्यालयों को दी जाए और कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में भी आवश्यक अपडेट कराया जाए।



# केरल में पीएम ने फूंका चुनावी बिगुल

## पीएम मोदी बोले- एलडीएफ और यूडीएफ ने केरल को भ्रष्टाचार के दुष्चक्र में धकेला



**तिरुवनंतपुरम (केरल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तिरुवनंतपुर नगर निगम में भाजपा की ऐतिहासिक की जीत की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की ओर से दशकों से की जा रही उपेक्षा के अंत और विकास व सुशासन के नए युग की शुरूआत का संकते है। प्रधानमंत्री ने दोनों पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया।

तिरुवनंतपुरम में प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, एलडीएफ और यूडीएफ ने अलग-अलग तरीकों से केरल को भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और तुष्टिकरण की राजनीति के दुष्चक्र में धकेल दिया है। भले ही उनके झंडे और प्रतीक अलग हों, लेकिन उनकी राजनीति और एजेंडा लगभग एक जैसे हैं- बेलगाम भ्रष्टाचार, जवाबदेही की कमी और विभाजनकारी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देना। दोनों दल जानते हैं कि हर पांच साल में उन्हें शासन का मौका मिलता है। लेकिन बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी रहती हैं।

उन्होंने आगे कहा, दशकों तक एलडीएफ और यूडीएफ ने तिरुवनंतपुरम की उपेक्षा की और शहर को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा। वाम दल और कांग्रेस जनता की जरूरतों को पूरा करने में लगातार नाकाम रहे हैं। लेकिन हमारी टीम भाजपा ने विकसित तिरुवनंतपुरम की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। इस शहर के लोगों से मैं कहना चाहता हूं- भरोसा रखें, जिसका इतंजार लंबे समय से था, अब वह बदलाव आने वाला है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह जीत सुशासन की जीत है और विकसित केरल के संकल्प की जीत है।

प्रधानमंत्री ने इसे एलडीएफ और यूडीएफ के भ्रष्टाचार से केरल को मुक्त कराने की प्रतिबद्धता की जीत बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने केरल में भाजपा की शुरूआत की तुलना गुजरात में पार्टी के शुरूआती सफर से की।

उन्होंने कहा कि 1987 से पहले गुजरात में भाजपा एक छोटी पार्टी थी और उसी साल पहली बार अहमदाबाद नगर निगम चुनाव जीता गया था।

मोदी ने कहा कि जैसे गुजरात में एक शहर से शुरूआत हुई, वैसे ही केरल में भी भाजपा की नई राजनीतिक यात्रा एक शहर से शुरू हो रही है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि तिरुवनंतपुरम अब पूरे देश के लिए एक आदर्श शहर बनेगा। उन्होंने कहा, इस शहर के लोगों से मैं कहता हूं- विश्वास रखें। तिरुवनंतपुरम पूरे देश के लिए एक आदर्श शहर बनेगा। इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ शहरों में शामिल करने के लिए मैं पूरा समर्थन दूंगा।

# दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने ली अंगड़ाई

## गिरा पारा, गरज-चमक के साथ चली हवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। शुक्रवार की सुबह राजधानी और नोएडा समेत आसपास के इलाकों में बारिश हुई। वहीं, गरज के साथ तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने पहले से ही गरज के साथ बौछारें पड़ने की भी चेतावनी जारी की थी। इन मौसमी बदलावों के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। यह मौसमी बदलाव अगले कुछ दिनों तक जारी रह सकता है।

**अचानक बदला मौसम का मिजाज :** जनवरी का महीना आमतौर पर कड़ाके की ठंड के लिए जाना जाता है, लेकिन इस बार दिन का तापमान काफी ऊपर चढ़ रह था। लेकिन शुक्रवार को मौसम ने करवट ली है। आज एक मजबूत और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत पर असर डाल रहा है। ऐसे में दिल्ली में भी हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई थी, जिसका असर भी सुबह से ही दिखने को मिल राह है। बारिश के साथ गरज-चमक और 40-50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा भी चलने के आसार जताए गए थे। बारिश के बाद दिन का तापमान गिरकर 19-21 डिग्री तक पहुंच सकता है। न्यूनतम तापमान भी 6-8 डिग्री के आसपास आ जाएगा। इसके बाद ठंड एक बार फिर लौटेगी और सुबह-रात में ठिठुरन बढ़ेगी।

**जनवरी में मई जैसा अहसास, आखिर क्यों? :** आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दिनों में तापमान सामान्य से करीब 7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया है। हालात ऐसे हैं कि सुबह और रात का तापमान जहां 8-9 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, वहीं दिन का पारा चढ़कर 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। लेकिन अगर आप इसे ठंड की विदाई समझ रहे हैं, तो ठहरिए... मौसम विभाग के संकेत कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं।

**अचानक कैसे आ गए गर्मी वाले दिन? :** इस असामान्य गर्माहट की मुख्य वजह एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ है, जो हिमालय क्षेत्र में सक्रिय हुआ, लेकिन मैदानी इलाकों में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल सका। आमतौर पर ऐसे विक्षोभ बादल, कोहरा और बारिश लाते हैं, लेकिन इस बार बादल कम छाए और आसमान ज्यादातर साफ रहा। इससे सूरज की किरणें सीधे जमीन पर पहुंच रही हैं, जिससे दिन में गर्मी का अहसास बढ़ गया है। इसके अलावा, मैदानी क्षेत्र में एंटी-साइक्लोन जैसी स्थिति बनी हुई है, जिसने ठंडी हवाओं को रोक रखा है। हवा में नमी की कमी से घना कोहरा भी नहीं बन पा रहा।

# 'एसआईआर के डर के कारण रोजाना आत्महत्या कर रहे तीन से चार लोग', सीएम ममता बनर्जी का दावा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर शुक्रवार को एक बार फिर केंद्र और चुनाव आयोग (ईसीआई) पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर बढ़ी चिंता के कारण हर दिन तीन से चार लोग आत्महत्या कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर रेड रोड पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि इन मौतों की जिम्मेदारी चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को लेनी चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि अब तक 110 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि एआईआर के डर के कारण हर दिन तीन से चार लोग आत्महत्या कर रहे हैं।

विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर की प्रक्रिया जारी

राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर बंगाल के खिलाफ साजिश रचने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, रवींद्रनाथ टैगोर, सुभाष चंद्र बोस और भीमराव आंबेडकर जैसे देश की विभूतियों का अपमान किया जा रहा है।

# गोवा नाइटक्लब अग्निकांड में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## 25 मौतों के आरोपी लूथरा बंधुओं के ठिकानों पर छापे



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को गोवा, दिल्ली और हरियाणा में छापेमारी की। यह कार्रवाई गोवा के एक नाइटक्लब के मालिकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज करने के बाद की गई है। इस क्लब में पिछले साल दिसंबर में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी।

**दिल्ली, गोवा और हरियाणा में एक साथ रेड**

ईडी ने करीब आठ से नौ ठिकानों पर तलाशी ली है। इनमें भाई सौरभ और गौरव लूथरा और सह-मालिक अजय गुप्ता के दिल्ली के किंग्सवे कैंप स्थित दफ्तरों और रिहाइशी जगहों के साथ-साथ गुरुग्राम (हरियाणा) के तत्वम विला भी शामिल हैं। इसके अलावा गोवा में सरपंच रोशन रेडकर और पंचायत सचिव रघुवीर बागकर के ठिकानों पर भी तलाशी ली जा रही है। ईडी अधिकारियों के अनुसार, रेडकर और बागकर पर क्लब के लिए अवैध व्यापार लाइसेंस और एनओसी जारी करने में मदद करने का आरोप है

**अवैध लाइसेंस और जमीन का पूरा खेल**

एजेंसी के अधिकारी क्लब के मालिकों में से एक माने जाने वाले ब्रिटिश नागरिक सुरिंदर कुमार खोसला के परिसरों पर भी मौजूद हैं। यहां ह्यखाजानह्न भूमि (नमक बनाने वाली जमीन) के अवैध रूपांतरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल की जांच की जा रही है, जिस पर 'बिर्च बाय रोमियो लेन' क्लब बना हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई संघीय जांच एजेंसी द्वारा प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (ढटछअ) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज करने के बाद की जा रही है।

**25 लोगों की दर्दनाक मौत का वो दिन**

यह आग 6 दिसंबर, 2025 को गोवा के अपोर्रा गांव में स्थित नाइटक्लब में लगी थी, जब वहां एक डांस पार्टी चल रही थी। इस घटना में 25 लोगों की जान चली गई थी और करीब 50 लोग घायल हो गए थे। इस घटना के कुछ घंटों बाद ही लूथरा बंधु देश छोड़कर थाईलैंड भाग गए थे।

# कांग्रेस-थरूर में छिड़ी रार?

## अहम बैठक में नहीं पहुंचे, संदीप दीक्षित बोले- कोई फर्क नहीं पड़ता



**तिरुवनंतपुरम।** शशि थरूर और कांग्रेस पार्टी के बीच के मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। केरल चुनाव को लेकर हुई एक अहम बैठक में तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर नहीं पहुंचे। जब इसे लेकर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जो भी बड़े नेता थे, वो सभी बैठक में शामिल हुए, जो बड़े नेता नहीं हैं, वे इस बैठक से गायब रहे।

> कांग्रेस में अपनी भूमिका से खुश नहीं हैं थरूर?

**कांग्रेस की बैठकों से दूरी बना रहे थरूर**

शशि थरूर और कांग्रेस पार्टी के बीच इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। अब ये नाराजगी सतह पर आ गई है। केरल में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं और कांग्रेस पार्टी चुनाव की तैयारियों में जुटी है।

हालांकि पूरे चुनावी परिदृश्य से शशि थरूर नदारद हैं और वे पार्टी की अहम बैठकों से भी दूरी बना रहे हैं।

जब इसे लेकर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित से सवाल किया गया तो उन्होंने कह दिया कि शशि थरूर के आने या न आने से कोई फर्क नहीं पड़ता।

दीक्षित ने कहा कि जो बड़े नेता नहीं हैं, अगर वे बैठक में शामिल नहीं होते हैं तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संदीप दीक्षित ने कहा, 'सभी मजबूत और जनाधार वाले वरिष्ठ नेता पार्टी की बैठकों में शामिल हो रहे हैं। जो भी जरूरी हैं, वे सब आ रहे हैं। अगर कोई बड़ा नेता नहीं हैं और उसकी जरूरत नहीं है तो उसके न आने से कोई फर्क नहीं पड़ता।'

बीते काफी समय से कांग्रेस पार्टी और शशि थरूर के बीच मतभेद चल रहे हैं। हालांकि खुलकर शशि थरूर या कांग्रेस पार्टी ने कुछ नहीं कहा है, लेकिन इशारों-इशारों में थरूर कई बार कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साध चुके हैं।

बीते दिनों अपने एक बयान में थरूर ने कांग्रेस पार्टी को चेताते हुए कहा था कि अगर पार्टी ने अपने जनाधार को नहीं बढ़ाया तो लगातार तीसरी बार कांग्रेस को विपक्ष में बैठना पड़ेगा।

उन्होंने ये भी कहा कि कई कांग्रेस कार्यकताओं को लगता है कि केरल कांग्रेस में नेतृत्वकर्ता की कमी है। थरूर ने कहा कि अगर पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है तो उनके पास अन्य विकल्प भी हैं, जिनमें किताबें लिखना भी शामिल है।

# सहारनपुर में टाटा के डायमंड शोरूम में करोड़ों की चोरी

## छत के रास्ते दीवार काटकर घुसे बदमाश, ले गए हीरे



**सहारनपुर।** सहारनपुर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात चोरों ने टाटा कंपनी के बड़े शोरूम में चोरी की वारदात कर डाली और आराम से फरार हो गए। न शोरूम के अंदर सायरन बजा, न ही किसी ने चोरों को देखा। पुलिस की गश्त पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ये चोरी करोड़ों की बताई जा रही है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दिल्ली रोड स्थित कैरटलेन टाटा कंपनी के डायमंड शोरूम में देर रात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर छत के रास्ते शोरूम के अंदर दाखिल हुए और दीवार तोड़कर हीरे व आभूषण समेत ले गए। घटना की जानकारी शनिवार सुबह तब हुई, जब शोरूम का स्टाफ रोजाना पहुंचा। शोरूम के भीतर सामान बिखरा देख कर्मचारियों के होश उड़ गए। आनन-फानन में शोरूम मैनेजर ने वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस को चोरी की सूचना दी। एसपी सिटी व्योम बिंदल, एएसपी मनोज कुमार मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू की।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे। उन्होंने छत के रास्ते प्रवेश कर दीवार को काटा और शोरूम में लगे सुरक्षा इंतजामों को भी नुकसान पहुंचाया। चोरी गए सामान की कीमत का आकलन किया जा रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही बताया जाएगा कि चोरी कितना माल ले गए हैं। हालांकि यह आंकड़ा करोड़ों रुपये में बताया जा रहा है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर गाजियाबाद में ट्रिपल लेयर सुरक्षा, बाजारों और हाईवे पर पैदल गश्त चालू

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को अलर्ट मोड पर रखा गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर कमिश्नरेट के तीनों जोन में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई है। शुक्रवार रात से ही प्रमुख बाजारों, हाईवे और संवेदनशील इलाकों में पुलिस अधिकारियों द्वारा पैदल गश्त शुरू कर दी गई है।पुलिस कमिश्नर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।



खुफिया विभाग को भी अलर्ट किया गया है और उसे निर्देशित किया गया है कि हर छोटी-बड़ी सूचना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत साझा किया जाए। एसीपी स्तर के अधिकारियों को हाईवे, बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर नियमित निगरानी के आदेश दिए गए हैं। सुरक्षा के तहत मॉल, मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड तैनात किए गए हैं, जो लगातार जांच अभियान चला रहे हैं। इसके अलावा कंट्रोल रूम और रिजर्व लाइन में तैनात पुलिसकर्मियों को भी पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति में तीनों जोन की पुलिस फोर्स का तुरंत उपयोग किया जाएगा, ताकि गणतंत्र दिवस शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके।

# मौत से लड़ गई मां, बेटे की बचाने के लिए यमुना में लगा दी छलांग



**आगरा।** आगरा के बाह बटेश्वर के घाट पर यमुना में डूब रही बच्ची को बचाने के लिए नदी में कूदी मां की भी जान खतरे में पड़ गई। नाव पर मौजूद युवक ने अपनी जान खतरे में डाल कर दोनों को बचा लिया।

बटेश्वर के रानी घाट पर बृहस्पतिवार को पूर्वान्ह 11 बजे यमुना नदी में फिरोजाबाद के पिपरौली गांव की 7 साल की बालिका कशिश स्नान कर रही थी।

स्नान के दौरान कशिश को डूबता देख उसकी मां मंजू देवी बचाने के लिए नदी में कूद गई। मां-बेटी नदी के गहरे पानी में हिचकोले खाने लगीं। परिजन ने का शोर मचा दिया। वहां नाव पर मौजूद हरिओम भदौरिया ने दोनों को बचाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा ली।

नदी में छलांग लगा कर उसने मां-बेटी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दोनों की जान बचने पर मंजू देवी की बहन तुलसी, डॉली, ज्योति, बुआ ऊषा देवी, जेठ प्रेमचंद आदि ने नाविक का शुक्रिया अदा किया। कहा कि भोलेनाथ की कृपा से दोनों की जान बच गई। सूचना पर बटेश्वर चौकी की पुलिस पहुंच गई, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले परिवार अपने घर के लिए निकल गया।

# जमीन बेचने से मना किया तो पति ने पत्नी को मार डाला



**गोंडा।** यूपी के गोंडा में शुक्रवार को जमीन बेचने से मना करने पर पति ने पत्नी की कुदाल से हमला करके दिनदहाड़े हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी भाग गया। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ सिटी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी ली। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

घटना खरगूपुर थाना क्षेत्र के भोला जोत मजरा भयक पुरवा की है। सुबह करीब 7 बजे बाबूलाल यादव की पत्नी रीता देवी (35) घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान बाबूलाल ने उस पर जमीन बेचने का दबाव बनाया। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। गुस्से में आकर बाबूलाल ने कुदाल से रीता के सिर पर कई वार किए। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। मृतका के पिता रामसेवक यादव की तहरीर पर पुलिस ने बाबूलाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की तलाश की जा रही है। मृतका को दो बच्चे हैं। बेटा अंकित (17) और बेटी मोहिनी (9) हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

# उज्जैन के तराना में फिर भड़का विवाद, उत्पातियों ने लगाई आग



**उज्जैन।** उज्जैन के तराना में शुक्रवार दोपहर एक बार फिर तनावपूर्ण हालात हो गए। गुरुवार रात भी यहां हालात बिगड़े थे। पुलिस बल तैनात है।

**बस स्टैंड क्षेत्र मे मचा बवाल बस मे आग लगाई :** शुक्रवार दोपहर को जब पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी यह समझ रहे थे कि पूरा मामला शांत हो गया है तभी तकिया मोहल्ला क्षेत्र बस स्टैंड में 50 से 60 लोगों ने जमकर बवाल मचाया। इस दौरान मारपीट और पथराव किए जाने की बात भी सामने आई है। आरोप है कि ये लोग धर्म विशेष के बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि क्षेत्र में दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने हो गए थे जिसे तो पुलिस ने रोक दिया, लेकिन इसी बीच किसी व्यक्ति ने यहां खड़ी एक बस में आग लगा दी। बस में आग लगाए जाने की जानकारी जैसे ही लोगों तक पहुंची वैसे ही क्षेत्र में फिर स्थिति बिगड़ गई।

**एसपी भी पहुंचे तराना :** तराना क्षेत्र में गुरुवार रात से मचे इस बवाल को अब तक एसडीओपी भविष्य भास्कर, एसडीएम बृजेश सक्सेना, तराना थाना प्रभारी रामनारायण भदोरिया संभाल रहे थे, लेकिन दोपहर को फिर जब बवाल मचा तो एसपी प्रदीप शर्मा तुरंत तराना पहुंच गए और उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# ...और जब आग की लपटों और सायरन के बीच गूंजी बचाओ-बचाओ की आवाज
# सिविल डिफेंस की टीम ने संभाली राहत एवं बचाव की कमान

**गाजियाबाद करंट क्राइम :** गणतंत्र दिवस से पहले शुक्रवार की शाम ठीक 6 बजे जैसे ही गोल्फ लिंक क्षेत्र की विभिन्न सोसाइटियों में अचानक अंधेरा छा गया और तेज सायरन गूंज उठा, लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। खुले स्थान पर आग की ऊंची लपटें देखकर दहशत का माहौल बन गया। इसी बीच माइक से अनाउंसमेंट हुआ घबराइए मत, यह मॉक ड्रिल है। राहत और बचाव कार्य शुरू किया जा चुका है। घोषणा होते ही कुछ ही पलों में सायरन बजाती एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने घायलों की भूमिका निभा रहे लोगों को स्ट्रेचर पर रखकर प्राथमिक उपचार के लिए सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाना शुरू किया। आग की लपटों से भयभीत लोगों को दमकल विभाग की टीम ने भरोसा दिलाया और आग पर काबू पाने की कार्रवाई की।

इसी दौरान एक और अनाउंसमेंट किया गया कि सभी लोग अपने घरों की लाइट बंद कर दें, क्योंकि हवाई हमले की आशंका दर्शाई गई है। इसका उद्देश्य यह समझाना था कि आपात स्थिति में ब्लैकआउट कितना जरूरी होता है, जिससे जान-माल की क्षति को कम किया जा सके।

दरअसल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर पूरे उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट और मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में गाजियाबाद की गोल्फ लिंक की विभिन्न सोसाइटियों में यह अभ्यास किया गया, जहां राहत, बचाव और आपदा प्रबंधन की तैयारियों का वास्तविक रूप में प्रदर्शन किया गया।

## पुलिस, दमकल, प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग रहा अलर्ट





### माइक से हुआ अनाउंसमेंट, घबराइए मत, राहत टीम मौजूद हैं



करंट क्राइम : सायरन और अंधेरे के बीच माइक से आवाज गूंज उठी,आप घबराइए मत, सिविल डिफेंस की राहत एवं बचाव टीम मौके पर है। सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि किसी भी आपात स्थिति में उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला जाएगा। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों को हवाई हमले, आग, भूकंप या अन्य आपदाओं की स्थिति में सतर्क रहने और सही प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना था। ड्रिल के दौरान यह भी बताया गया कि किस तरह महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को एंबुलेंस के जरिए सुरक्षित तरीके से अस्पताल तक पहुंचाया जाए।



### ललित जायसवाल ने एक बार फिर किया उत्कृष्ट प्रबंधन का परिचय



करंट क्राइम : गाजियाबाद शहर में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रमुख रामलीला मंचनों, फ्लावर शो से लेकर सुरक्षा व्यवस्था और सिविल डिफेंस जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभाने वाले ललित जायसवाल एक बार फिर अपने बेहतर प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता के चलते चर्चा में रहे। शुक्रवार को गाजियाबाद में सिविल डिफेंस के नेतृत्व में आयोजित मॉक ड्रिल में उनके कुशल संचालन की स्पष्ट झलक देखने को मिली। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी को परखना था, जिसे पूरी तरह योजनाबद्ध तरीके से संपन्न कराया गया। ललित जायसवाल ने न सिर्फ इस पूरे आयोजन को बेहतर ढंग से व्यवस्थित किया, बल्कि अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर इसे सफल अंजाम तक पहुंचाया। मॉक ड्रिल के दौरान सुरक्षा, समन्वय, समयबद्ध प्रतिक्रिया और नागरिकों को जागरूक करने जैसे सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। शहर में लगातार सफल आयोजनों के माध्यम से ललित जायसवाल यह साबित कर चुके हैं कि वे किसी भी कार्यक्रम को योजना से लेकर क्रियान्वयन तक जिम्मेदारी के साथ पूरा करने में सक्षम नेतृत्वकर्ता हैं। उनके प्रयासों से न केवल प्रशासनिक तैयारियां मजबूत होती हैं, बल्कि आम नागरिकों में भी सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ता है। दीपक अग्रवाल, संजय गोयल, तुषार शर्मा, सुधीर कुमार डिवीजनल वार्डन, संध्या त्यागी, मंजू गर्ग, एक जैन, एके ठाकुर, हर्ष वर्मा, दिव्यांशु सिंघल, कपिल त्यागी और सुनील चौधरी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### सिविल डिफेंस के नेतृत्व में चला पूरा ऑपरेशन

करंट क्राइम : सिविल डिफेंस गाजियाबाद के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के तहत जिला प्रशासन, पुलिस, दमकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और सिविल डिफेंस की विभिन्न इकाइयों के सहयोग से यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का मकसद किसी भी हवाई हमले, आतंकी घटना, भूकंप या अन्य आपात परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। ड्रिल में सरकारी व निजी अस्पतालों की एंबुलेंस, दमकल विभाग, पुलिस और प्रशिक्षित सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स ने मिलकर यह प्रदर्शित किया कि किस प्रकार जान जोखिम में डालकर लोगों की जान बचाई जा सकती है। शुक्रवार शाम गोल्फ लिंक की आशियाना, स्कारडी, विला और गोल्फ लिंक सोसाइटी में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जैसे ही अभ्यास शुरू हुआ, तेज सायरन बजने लगे और पूरे इलाके की लाइट बंद कर दी गई। चारों ओर एंबुलेंस, पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां दौड़ती नजर आईं। सिविल डिफेंस के बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने लोगों को सुरक्षित तरीके से घरों से बाहर निकालने, अफरा-तफरी से बचने और बिना घबराए सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी गाजियाबाद जिला प्रशासन और सिविल डिफेंस के सहयोग से इसी तरह के बड़े मॉक ड्रिल अभियान आयोजित किए जा चुके हैं।

# कमिश्नरेट में आज होगी गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल
# महिला आईपीएस डॉ. दीप्ति चौहान संभालेंगी परेड की कमान





### परेड में 11 टोलियां लेंगी हिस्सा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गणतंत्र दिवस के भव्य आयोजन से पूर्व पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। यह रिहर्सल पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में संपन्न होगी, जिसमें 26 जनवरी को होने वाली मुख्य परेड की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। रिहर्सल के दौरान डमी के रूप में कैबिनेट मंत्री सलामी लेंगे, जबकि पुलिस कमिश्नर सहित कमिश्नरेट के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर महिला अंडर ट्रेनिंग आईपीएस अधिकारी डॉ. दीप्ति चौहान परेड की प्रथम कमांडर के रूप में परेड का संचालन करेंगी, जो गाजियाबाद पुलिस के लिए गर्व का विषय होगा। इस वर्ष पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में कुल 11 टोलियां शामिल होंगी। इनमें तीनों जोनों से उप निरीक्षकों की टोलियां, पीएसी, यातायात पुलिस, सिविल डिफेंस और एनसीसी की कैडेट्स भी शामिल रहेंगी, जो अपने अनुशासन और दमखम का प्रदर्शन करेंगी।

परेड ग्राउंड को इस अवसर पर तिरंगे की थीम पर भव्य रूप से सजाया जा रहा है। वहीं दमकल विभाग की फायर फाइटिंग टीम वाटर कैनन के माध्यम से तिरंगे की छटा बिखेरते हुए विशेष प्रस्तुति देगी, जो समारोह का मुख्य आकर्षण होगी।

पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 जनवरी को होने वाली फुल ड्रेस रिहर्सल में पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न पदों पर तैनात अधिकारी भाग लेंगे। 26 जनवरी को आयोजित होने वाली वार्षिक परेड में 500 से अधिक अतिथियों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें शहर के अति विशिष्ट नागरिक, जनप्रतिनिधि, सिविल डिफेंस विभागों के प्रमुख, पूर्व पुलिस अधिकारी तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस बैंड द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। गणतंत्र दिवस का यह आयोजन देशभक्ति, अनुशासन और एकता का संदेश देगा।

# नमो भारत के स्टेशनों पर बढ़ाई गई सुरक्षा
# 26 जनवरी को लेकर एसएसएफ अलर्ट

### - पार्किंग भी रहेगी अस्थाई तौर पर बंद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गणतंत्र दिवस से पूर्व दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया गया है।

संभावित सुरक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए कॉरिडोर के सभी नमो भारत स्टेशनों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है और सुरक्षा जांच को सख्ती से लागू किया गया है। विशेष रूप से न्यू अशोक नगर और आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर पार्किंग सुविधाएँ अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। यह प्रतिबंध 25 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे से 26 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे तक लागू रहेगा।

यात्रियों से अपील की गई है कि वे वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था का उपयोग करें। स्टेशनों के बाहरी परिसरों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। यूपी क्षेत्र में स्थित नमो भारत स्टेशनों पर एसएसएफ (उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल) की अतिरिक्त तैनाती की गई है, जबकि स्टेशनों के बाहरी हिस्सों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस को सौंपी गई है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की गहन जांच की जा रही है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशन पर समय से पहले पहुंचें, सुरक्षा जांच में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत सुरक्षा कर्मियों को दें।

# शारदा रानी साधना का निधन अंतिम संस्कार संपन्न

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह ने फोन पर प्रकट की संवेदना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कविनगर निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश चंद्र साधना की धर्मपत्नी शारदा रानी साधना का शुक्रवार को निधन हो गया।

शुक्रवार को ही उनका अंतिम संस्कार हिंडन मोक्ष स्थल पर विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। परिजनों के अनुसार, इस दुःखद अवसर पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दूरभाष पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश चंद्र साधना से बातचीत कर शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। वहीं मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह ने भी फोन पर शोक संदेश प्रेषित कर परिवार को ढांढस बंधाया।

शोकाकुल परिवार में पुत्र राकेश साधना, राजीव साधना, राजेश साधना और रूपेश साधना सहित समस्त साधना परिवार शामिल है। परिचितजन एवं शुभचिंतक परिवार से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट कर रहे हैं।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मेरठ एसएसपी से की मुलाकात

### सोनू हत्याकांड में तेज कार्रवाई के दिए निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ के ज्वालागढ़ क्षेत्र में हुए सोनू हत्याकांड को लेकर प्रदेश सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सर्किट हाउस, मेरठ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा से मुलाकात कर मामले की विस्तृत जानकारी ली और जांच में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने एसएसपी और क्राइम ब्रांच की विशेष टीम के साथ बैठक कर अब तक हुई जांच की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सभी साक्ष्यों को मजबूती से संकलित कर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक के दौरान मृतक सोनू कश्यप की बहन आरती कश्यप एवं अन्य परिजन भी मौजूद रहे। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने परिजनों से संवाद कर उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़ी है और पीड़ित परिवार को समयबद्ध व निष्पक्ष न्याय दिलाया जाएगा।

एसएसपी विपिन ताडा ने मंत्री को आश्वस्त किया कि मामले की जांच पूरी गंभीरता से की जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने बताया कि क्राइम ब्रांच की विशेष टीम को सभी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं और हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने स्पष्ट किया कि न्याय प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अपराधियों के मन में कानून का खौफ पैदा करना आवश्यक है। प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि जल्द से जल्द हत्याकांड का खुलासा कर पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

## संपादकीय

# दुर्गम तैनाती, जानलेवा जोखिम

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए हादसे में जिस तरह दस जवानों की जान चली गई, वह दुर्गम इलाके में तैनात सुरक्षा बलों के सामने मौजूद बहुस्तरीय जोखिम का ही उदाहरण है। गौरतलब है कि गुरुवार को डोडा में सेना के एक बुलेटप्रूफ वाहन में सवार फौजी लगभग नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित एक चौकी की ओर जा रहे थे। इस बीच खन्नी टाप के पास वाहन सड़क से फिसल कर दो सौ फुट गहरी खाई में जा गिरा। इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद वाहन और उसमें सवार लोगों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। दस जवानों की मौत के अलावा ग्यारह अन्य जवान बुरी तरह घायल भी हुए।

जाहिर है, आतंकवाद का सामना करने के क्रम में जानलेवा खतरों और हमलों का सामना करने के अलावा इस घटना से वहां ड्यूटी के लिए तैनात सुरक्षा बलों के सामने एक अतिरिक्त चुनौती का पता चलता है। यह इलाका अपनी बेहद मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियों के लिए जाना जाता रहा है और वहां सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हमेशा ही जोखिम की स्थिति बनी रहती है। ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच आतंकवादियों का सामना करना पहले ही एक बड़ी चुनौती रही है।

उसमें जब सुरक्षा कारणों से ही सड़कों पर सफर के क्रम में हुए हादसे में जवानों की मौत हो जाती है, तो यह वाहन चलाने में हुई मामूली चूक के खतरनाक नतीजों के साथ-साथ दुर्गम इलाकों में मौजूद रास्तों के बेहद असुरक्षित होने का भी सबूत है। सवाल है कि देश की सुरक्षा के लिहाज से अतिसंवेदनशील इलाकों में सड़कों को इस हालत में कैसे छोड़ा गया है कि किसी वाहन के खाई में गिरने के बाद उसमें सवार लोगों के जिंदा बचने की गुंजाइश बेहद कम होती है। अफसोस की बात यह है कि उस समूचे क्षेत्र में सुरक्षा बलों के सामने मौजूद अलग-अलग जोखिम के समांतर बचाव के मोर्चे पर शायद पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। वरना हादसे और जोखिम के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील जगहों पर सड़कों के किनारे मजबूत सुरक्षा घेरा या पैराफिट लगाने भर से पहाड़ी इलाकों में होने वाले हादसों में जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी और ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में वाहनों के दुर्घटना का शिकार होने और जवानों की मौत या उनके घायल होने की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। वाहन पर से चालक का नियंत्रण खोना एक कारण हो सकता है, लेकिन उस क्षेत्र में संकरी और घुमावदार सड़कों के तीखे मोड़ पर फिसलन का खतरा बना रहता है। ताजा घटना में जिस खन्नी टाप पर सेना का वाहन हादसे का शिकार हुआ, उस तरह की जगहों पर ऊंचाई और कंकड़-मिट्टी की वजह से फिसलन ज्यादा घातक हो जाती है। खासतौर पर दिसंबर-जनवरी के बीच ज्यादा ठंड और बर्फबारी की वजह से सड़क पर फिसलन आम रहती है। ऐसे में उन सड़कों से अगर भारी सैन्य वाहन गुजरते हैं, तो ऊंचाई वाली जगहों पर कई बार वाहन पर नियंत्रण मुश्किल काम होता है और उसमें चूक की आशंका बनी रहती है।

# केंद्र सरकार ने बीमा कंपनियों, नाबार्ड और RBI कर्मचारियों के वेतन-पेंशन संशोधन को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों, नाबार्ड और आरबीआई के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए वेतन और पेंशन संशोधन को आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इस फैसले से करीब 46,322 कर्मचारी और 46,000 से अधिक पेंशनभोगी व पारिवारिक पेंशनधारक लाभान्वित होंगे। सरकार ने इसे कर्मचारियों और पेंशनरों की सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया है।



**बीमा कंपनियों के कर्मचारियों को बड़ा फायदा :** सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के लिए वेतन संशोधन 1 अगस्त 2022 से लागू होगा। इसमें कुल वेतन खर्च में 12.41% की वृद्धि और मूल वेतन व महंगाई भत्ते में 14% की बढ़ोतरी शामिल है। इसके अलावा अप्रैल 2010 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए एनपीएस योगदान को 10% से बढ़ाकर 14% कर दिया गया है। पारिवारिक पेंशन को भी संशोधित कर 30% की समान दर तय की गई है।

**नाबार्ड कर्मचारियों को लगभग 20% बढ़ोतरी :** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (ठअइअफ्क्ष) के कर्मचारियों को वेतन और भत्तों में लगभग 20% की वृद्धि मिलेगी, जो 1 नवंबर 2022 से प्रभावी होगी। यह संशोधन ग्रुप 'ए', 'बी' और 'सी' के सभी कर्मचारियों पर लागू होगा। इसके साथ ही नाबार्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन को आरबीआई-नाबार्ड के पूर्व कर्मचारियों के समान किया गया है।

**आरबीआई पेंशनरों को 10% अतिरिक्त लाभ:** भारतीय रिजर्व बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन और पारिवारिक पेंशन में मूल पेंशन और महंगाई राहत पर 10% की वृद्धि की गई है। सरकार ने इसे वरिष्ठ नागरिकों और आश्रितों के लिए उचित और टिकाऊ सेवानिवृत्ति लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बताया है।

हजारों करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ : इस संशोधन से सरकार और संबंधित संस्थानों पर हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। बीमा कंपनियों के लिए कुल खर्च करीब 8,170.30 करोड़ रुपये अनुमानित है।

# रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर, डॉलर के मुकाबले 91.93 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** मुद्रा बाजार में भारी उथल-पुथल का दौर जारी है। भारतीय मुद्रा रुपये में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। डॉलर की मजबूती और बाजार के दबाव के चलते रुपये ने अपने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, जो आयातकों और अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय बन सकता है।




ताजा कारोबारी सत्र के अंत में, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर 91.93 (अस्थायी) पर स्थिर हुआ। यह आंकड़ा 'प्रोविजनल' (अस्थायी) क्लोजिंग का है, जो दर्शाता है कि मुद्रा पर दबाव कितना तीव्र है। यह गिरावट मुद्रा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और चिंताजनक पड़ाव है। 91.93 का यह स्तर मनोवैज्ञानिक और तकनीकी रूप से बेहद अहम है।

मुद्रा की यह 'रिकॉर्ड गिरावट' न केवल आयात को महंगा करेगी, बल्कि चालू खाता घाटे और महंगाई पर भी सीधा असर डाल सकती है। 91.93 के स्तर पर रुपये का बंद होना नीति निमार्ताओं और केंद्रीय बैंक के लिए खतरे की घंटी है। बाजार अब इस बात पर नजर रखेगा कि क्या यह गिरावट जारी रहती है या इसमें कोई सुधार देखने को मिलता है।

## इंडिगो संकट के बाद एयरलाइन को लगा बड़ा झटका

# शेयरों में चार प्रतिशत की गिरावट




**नई दिल्ली।** इंडिगो के कमजोर तिमाही नतीजों का असर शेयर बाजार पर पड़ा। मुनाफा 78% घटने और परिचालन संकट की वजह से कंपनी के शेयरों में करीब 4% की गिरावट दर्ज की गई। आइए विस्तार से जानते हैं। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के शेयर शुक्रवार को करीब 4% गिर गए। यह गिरावट तब आई जब इंडिगो ने दिसंबर तिमाही में अपने शुद्ध मुनाफे में 78% की भारी गिरावट दर्ज की। बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.87% गिरकर 4,723.60 रुपये पर बंद हुआ, जबकि एनएसई पर यह 3.79% टूटकर 4,722.50 रुपये पर पहुंच गया। इसी दौरान बीएसई सेंसेक्स 46.24 अंक गिरकर 82,261.13 पर और एनएसई निफ्टी 8.20 अंक टूटकर 25,281.70 पर बंद हुआ।

**तीसरी तिमाही में कंपनी के मुनाफे में आई बड़ी गिरावट :** कंपनी ने अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में 549.1 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 2,448.8 करोड़ रुपये था। इंडिगो ने बताया कि उड़ानों में भारी व्यवधान और नए श्रम कानूनों के लागू होने से कंपनी को बड़ा झटका लगा। उड़ान व्यवधान पैदा करने के लिए इंडिगो पर लगा भारी जुमार्ना तीसरी तिमाही में कंपनी को कुल 1,546.5 करोड़ रुपये का असर पड़ा। इसमें दिसंबर की शुरूआत में उड़ानों में व्यवधान से 577.2 करोड़ रुपये और नए श्रम कानूनों के कारण 969.3 करोड़ रुपये का नुकसान शामिल है। इसके अलावा उड़ान व्यवधान के मामले में इंडिगो पर 22.2 करोड़ रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। हालांकि, कंपनी की कुल आय बढ़कर 24,540.6 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 22,992.8 करोड़ रुपये थी।

इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि दिसंबर की शुरूआत में बड़े पैमाने पर उड़ान रद्द और देरी से परिचालन पर असर पड़ा। उन्होंने बताया कि असाधारण मदों को हटाकर कंपनी का अंतर्निहित लाभ करीब 31 अरब रुपये रहा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक चोरी हुई कार की खोज करते समय फिनिश पुलिस को मृत मच्छर मिला। उन्होंने मच्छर के अंतिम भोजन से रक्त का परीक्षण किया और चोर की पहचान करने के लिए इसका इस्तेमाल किया।
- क्या आपको यह मालूम है की केवल मादा मच्छर ही कटते हैं। लेकिन क्यों? क्योंकि उन्हें रक्त में पाए जाने वाले प्रोटीन की आवश्यकता होती है ताकि उनके अंडे विकसित हो सकें।
- मच्छर एक लघु कीट होता है जो लंबाई में १ इंच तक और 0.000088 औंस वजन तक पहुंच सकता है।
- 'मच्छर' शब्द 'छोटी मक्खी' के लिए स्पेनिश-पुर्तगाली शब्द है।
- वैज्ञानिकों ने बेहद यौन रूप से आकर्षक नर मच्छरों का प्रजनन कराया जिनकी संतान नस्ल पैदा करने में असमर्थ हैं।
- मच्छरों की प्रजातियां हैं उनमें से एनोफेलीज एक मलेरिया वाहक है, जबकि तीन अन्य एन्सेफलाइटिस फैलाने के लिए जाने जाते हैं।
- मच्छर का शरीर तीन खंडों में बांट है : सिर, थोरैक्स और पेट।
- मच्छर की अधिकांश प्रजातियों को एक प्रमुख घातक और नुकसान पहुंचानेवाला कीड़ा माना जाता है क्योंकि वे मनुष्यों और जानवरों के खून का उपभोग करते हैं।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार फिर 700 अरब डॉलर के पार, एक हफ्ते में $14 अरब की भारी बढ़त

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार $14.16 अरब बढ़कर $701.36 अरब के पार पहुंचा। RBI के आंकड़ों के अनुसार गोल्ड और विदेशी मुद्रा आस्तियों में भारी उछाल। गिरते रुपये के लिए बड़ी राहत। पढ़ें पूरी रिपोर्ट।



भारतीय अर्थव्यवस्था के बाहरी क्षेत्र से एक मजबूत संकेत मिला है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक बार फिर मनोवैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण 700 बिलियन डॉलर के स्तर को पार कर गया है। 16 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 14.167 बिलियन डॉलर की भारी छलांग दर्ज की गई, जिससे कुल भंडार बढ़कर 701.36 बिलियन डॉलर हो गया है।

यह उछाल विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वैश्विक अनिश्चितता और मुद्रा बाजार में चल रही उथल-पुथल के बीच आया है। इससे ठीक पिछले सप्ताह में, समग्र भंडार में 392 मिलियन डॉलर की मामूली वृद्धि हुई थी, जिससे कुल आंकड़ा 687.193 बिलियन डॉलर रहा था।

# अदाणी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट

## अमेरिकी समन और कमजोर नतीजों के बाद 13% तक टूटे भाव




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनियों के लिए शुक्रवार का दिन भारी उथल-पुथल वाला रहा। अमेरिकी रेगुलेटर की कार्रवाई से जुड़ी खबरों और कुछ प्रमुख कंपनियों के निराशाजनक तिमाही नतीजों के चलते समूह के शेयरों में 13 प्रतिशत तक की भारी गिरावट देखी गई। इस बिकवाली के दबाव ने पूरे बाजार पर असर डाला और बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स-निफ्टी फिसल गए।

### अमेरिका के शेयर बाजार नियामक का समन

बाजार में घबराहट का मुख्य कारण वे खबरें रहीं, जिनमें कहा गया कि एसईसी यानी अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (अमेरिका में शेयर बाजार के नियामक) ने गौतम अदाणी और सागर अदाणी को समन भेजने के लिए अदालत से मंजूरी मांगी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, एसईसी ने न्यूयॉर्क की ब्रुकलिन कोर्ट को बताया कि भारतीय अधिकारियों से समन तामील कराने में उसे मदद नहीं मिल रही है। इसलिए उसने अब ईमेल के जरिए नोटिस भेजने की अनुमति मांगी है। यह मामला कथित धोखाधड़ी और 265 मिलियन डॉलर के रिश्वत कांड से जुड़ा है। नवंबर 2024 में दायर मुकदमे में अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड से संबंधित भ्रामक बयान देने और अमेरिकी प्रतिभूति कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था।

### अदाणी समूह ने अपने पक्ष में क्या कहा है?

समूह ने रिश्वत देने और सोलर पावर कॉन्ट्रैक्ट्स हासिल करने के लिए अनुचित लाभ उठाने के अमेरिकी अभियोजकों के आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि ₹अदाणी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग और एसईसी के आरोप निराधार हैं।₹ समूह ने साफ किया कि वे सभी कानूनों का पालन करते हैं और इस मामले में हर संभव कानूनी सहारा लेंगे। शुक्रवार की गिरावट ने निवेशकों के सेंटिमेंट को बुरी तरह प्रभावित किया है। एक तरफ कमजोर आय और दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय कानूनी चुनौतियां, अदाणी समूह के लिए निकट भविष्य में राह कठिन बना सकती हैं।

### कमजोर नतीजों ने भी बिगाड़ा खेल

एएसईसी से जुड़ी खबरों के बीच, अदाणी समूह की कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों ने भी आग में घी का काम किया। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का शेयर 13.20% गिरकर 785 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी ने दिसंबर तिमाही 2025 के लिए केवल 5 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट हासिल किया। यह पिछले वित्तीय वर्ष की समान तिमाही के 474 करोड़ रुपये के मुकाबले 99% की भारी गिरावट है। बड़े खर्चों के कारण के कारण अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) का शुद्ध लाभ 8% गिरकर 574.06 करोड़ रुपये रह गया, जिससे इसके शेयरों में 10.57% की गिरावट आई और यह 827.20 रुपये पर बंद हुआ।

### समूह के शेयर टूटने से पूरे बाजार पर असर

अदाणी समूह के शेयरों पर दोहरी मार पूरे बाजार पर दिखा। फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 9.38% टूटकर 1,891.60 रुपये पर आ गया। अदाणी पावर 8.84% गिरकर 128.35 रुपये, अदाणी पोर्ट्स 7.81% गिरकर 1,303.35 रुपये और अदाणी टोटल गैस 7.55% गिरकर 507 रुपये पर बंद हुआ। समूह की अन्य कंपनियों जैसे अंबुजा सीमेंट्स (-5.98%), एनडीटीवी (-5.31%) और एसीसी (-2.76%) में भी गिरावट दर्ज की गई। इस दबाव के चलते बीएसई सेंसेक्स 769.67 अंक गिरकर 81,537.70 पर और निफ्टी 241.25 अंक फिसलकर 25,048.65 पर बंद हुआ।

## राशिफल

**मेष :** लव कपल्स के रिश्ते को नई राह मिलेगी। परिवार के सदस्य आपके रिश्ते से खुश हो सकते हैं। दांपत्य जीवन में भी खुशियों की बहार आएगी।

**वृष :** आज का दिन लव और मैरिड कपल्स दोनों के लिए अच्छा है। कपल्स के बीच रोमांटिक भावनाएं पैदा होंगी।

**मिथुन :** दांपत्य जीवन के लिए दिन प्रतिकूल रहेगा। मन में तनाव और नकारात्मक विचार आएंगे। लव कपल के लिए आज का दिन अच्छा है।

**कर्क :** लव कपल के बीच कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें और बगैर किसी कारण के संदेह न करें। शादीशुदा जोड़े के लिए दिन अच्छा है।

**सिंह :** लव कपल अब भविष्य के बारे में सोचेंगे। आप दोनों घरवालों से शादी की बात कर सकते हैं। दांपत्य जीवन में स्थिति बेहतर रहेगी।

**कन्या :** अगर आप अपने प्रेमी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं तो आज का दिन बेहतर है। आपको हां में जवाब मिलेगा। दाम्पत्य जीवन का दिन सामान्य रहेगा।

**तुला :** प्रेमी जोड़ों के बीच विवाद हो सकता है। परिवार के लोग आपके रिश्ते को स्वीकार नहीं करेंगे लेकिन हिम्मत न हारें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी खुश करने के लिए कोई तोहफा दे सकता है। पार्टनर के साथ रोमांटिक पलों का आनंद उठाएंगे। लव कपल्स के लिए दिन सामान्य रहेगा।

**धनु :** आज का दिन लव कपल के लिए ठीक नहीं है। कोई भी फैसला लेने से पहले अच्छे से सोच लें। दांपत्य जीवन में भी तनाव रहेगा।

**मकर :** धार्मिक कार्यों में पार्टनर की रुचि बढ़ेगी और आपको इस दिशा में प्रेरित करने का प्रयास करेंगे। लव कपल एक दूसरे के साथ समय बिताएंगे।

**कुंभ :** बिना वजह गुस्से में अपशब्द न कहें। कुछ भी कहने से पहले सोच लें। अपने साथी के प्रति ईमानदार रहें। विवाहित माता-पिता का दिन अच्छा रहेगा।

**मीन :** गुस्से को भूले और मतभेद दूर करें। एक-दूसरे की गलतियों को इग्नोर करें और नए रिश्ते की शुरूआत करें। विवाद बढ़ने से रिश्ते बिगड़ेंगे।

## चुटकुले

पप्पू- बताओ इंसान के बच्चों और जानवरों के बच्चों में क्या फर्क है...
पिंकी- गधे का बच्चा होकर गधा बनता है और उल्लू का बच्चा उल्लू बनता है
पर इंसान का बच्चा बड़ा होकर गधा भी बन सकता है और उल्लू भी...

---

'मान भी जाओ' से लेकर 'भाड़ में जाओ' तक का सफर ही...
'प्यार' और 'शादी' है...
बाकी तो सब मात्र मोह माया है

---

राकेश- यार तू अपनी बीवी को किस नाम से बुलाता है?
रमेश- गूगल डार्लिंग
राकेश- ये कैसा नाम हुआ।
रमेश- क्या करूं, सवाल एक करता हूं और जवाब 100 मिलते हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

24 01 2026 करंट क्राइम

## आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# सचिन और विराट ने दी साइना नेहवाल को उनके अभूतपूर्व करियर के लिए बधाई, जानिए क्या कहा

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन को उस वक्त तगड़ा झटका लगा जब ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने साफ किया कि वह कोर्ट पर वापसी नहीं करेंगीं। 2023 सिंगापुर ओपन के बाद उन्होंने कोई टूनार्मेंट नहीं खेला और अब एक पॉडकास्ट के दौरान अपने संन्यास को लेकर स्पष्ट बात की। इसी के बाद क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर और पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने साइना नेहवाल के लिए दिल छू लेने वाला संदेश लिखा और भारतीय बैडमिंटन में उनके अभूतपूर्व योगदान को सराहा।







भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एक्स पर लिखा, 'साइना नेहवाल को एक शानदार करियर के लिए बधाई। उन्होंने भारतीय बैडमिंटन को दुनिया के मंच पर पहुंचाया। आपको एक खुशहाल, संतोषजनक और अच्छी तरह से हकदार रिटायरमेंट की शुभकामनाएं। भारत को आप पर गर्व है।'

सचिन का साइना के नाम संदेश इससे पहले महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भी साइना के नाम एक लंबा संदेश लिखा। उन्होंने साइना की मेहनत, धैर्य और निरंतरता की तारीफ करते हुए कहा, 'प्रिय साइना, आपका करियर इस बात का सबूत है कि महानता एक दिन में नहीं बनती, बल्कि धैर्य, हिम्मत और निरंतरता से हासिल होती है। आपने भारतीय बैडमिंटन को विश्व मंच पर पहुंचाया और दिखाया कि तैयारी और विश्वास मिलकर किसी खेल की दिशा बदल सकते हैं।'

तेंदुलकर ने आगे लिखा, 'पदकों से परे आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि आपने देशभर के युवा खिलाड़ियों को यह यकीन दिलाया कि दुनिया में सफलता पाना संभव है। हर स्पोर्ट्स जर्नी बदलती है, और जब एक चरण खत्म होता है तो दूसरा शुरू होता है। आपका अनुभव और खेल के प्रति प्रेम आगे भी कई लोगों का मार्गदर्शन करेगा। भारतीय खेलों के लिए आपने जो कुछ दिया उसके लिए धन्यवाद। आने वाली पीढ़ियां आपसे प्रेरणा लेती रहेंगी।'

साइना नेहवाल ने पॉडकास्ट पर रिटायरमेंट की वजह बताते हुए कहा कि उनका शरीर अब पहले जैसा साथ नहीं दे रहा था। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगा कि रिटायरमेंट की घोषणा करना कोई बड़ी बात है। मुझे लगा कि लोग समझ ही चुके होंगे। मुझे लगा मेरी टाइमिंग खत्म हो गई क्योंकि मैं ज्यादा पुश नहीं कर पा रही थी। मेरा घुटना पहले जैसा नहीं था।' साइना ने आगे कहा, 'आप दुनिया में नंबर वन बनने के लिए दिन में आठ-नौ घंटे ट्रेनिंग करते हैं। अब मेरा घुटना एक-दो घंटे में ही जवाब दे देता था और सूज जाता था। तब लगा कि अब काफी है, अब मैं आगे नहीं बढ़ सकती।'

साइना आखिरी बार 2023 सिंगापुर ओपन में नजर आई थीं। इसके बाद वह किसी बड़े टूनार्मेंट में नहीं उतरीं और अंततः पेरिस ओलंपिक भी मिस कर दिया। इससे पहले साइना भारत के लिए ओलंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनी थीं और लंबे समय तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर रहीं।

## श्रीलंका ने ही बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी से किया इनकार: सोशल मीडिया पर उड़ा बीसीबी का मजाक



**मुंबई।** आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के बीच विवाद अब तूल पकड़ चुका है। जहां बांग्लादेश ने भारत में आगामी टी20 विश्व कप के मुकाबले खेलने से इनकार कर दिया, वहीं आईसीसी अब उन्हें टूनार्मेंट से बाहर करने और स्कॉटलैंड को शामिल करने की तैयारी में है। यह बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के लिए बड़ा झटका होगा और उन्हें इसकी सजा भी झेलनी पड़ सकती है।

हालांकि, इस पूरे विवाद में चौंकाने वाली बात तो यह है कि जिस श्रीलंका में बांग्लादेश अपने मैच को ट्रांसफर करने की मांग कर रहा था, उसी ने उनके मैचों की मेजबानी करने से मना कर दिया। इसके बाद सोशल मीडिया पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का जमकर मजाक उड़ाया जा रहा है। हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की इस हठ का खामियाजा उनके खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है, जो विश्व कप की तैयारी में जुटे थे और कहीं भी खेलने को तैयार थे।

सोशल मीडिया यूजर्स इस मामले पर बीसीबी और बांग्लादेश सरकार पर जमकर तंज कस रहे हैं। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान पर भी निशाना साधा है। पाकिस्तान ने भी चिट्ठी लिखकर बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी की इच्छा जताई थी। हालांकि, पाकिस्तान तो कभी इस पटकथा में था ही नहीं, लेकिन उसकी बीच में टांग अड़ाने की आदत गई नहीं है।

## पीवी सिंधु को मैच के दौरान रेड कार्ड, कोर्ट पर दिखा हाई वोल्टेज ड्रामा; लक्ष्य का सफर खत्म

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु का इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूनार्मेंट में सफर क्वार्टरफाइनल में ही थम गया। शुक्रवारको खेले गए मुकाबले में सिंधु को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन यू फी के हाथों सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा। चेन यू फी ने यह मुकाबला 21-13, 21-17 से अपने नाम किया।



### कोर्ट पर दिखा जबरदस्त ड्रामा

मैच के दौरान जकार्ता के कोर्ट नंबर 1 पर काफी ड्रामा देखने को मिला। दूसरे गेम में 12-17 से पीछे चल रही सिंधु ने एक लाइन कॉल को लेकर नाराजगी जताई, जिसके चलते उन्हें पहले पीला कार्ड और फिर लाल कार्ड दिखाया गया। हालांकि, बाद में मैच रेफरी के हस्तक्षेप के बाद लाल कार्ड को रद्द कर दिया गया। लाल कार्ड हटने के बाद सिंधु ने जबरदस्त जज्बा दिखाया और लगातार अंक जीतते हुए स्कोर 17-18 तक पहुंचा दिया। लेकिन अंत में वह इस लय को बरकरार नहीं रख सकीं और दूसरा गेम 17-21 से गंवा बैठीं। पहले गेम में चेन यू फी पूरी तरह हावी रहीं। उन्होंने सिंधु के बैकहैंड पर हाफ स्मैश और फिर फोरहैंड पर तेज स्मैश लगाकर दबाव बनाया। सिंधु ने गेम के अंत में कुछ बेहतरीन नेट शॉट्स खेले, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### लक्ष्य सेन भी बाहर

भारत के युवा शटलर लक्ष्य सेन भी इंडोनेशिया मास्टर्स में आगे नहीं बढ़ सके। क्वार्टरफाइनल में उन्हें थाईलैंड के 21 वर्षीय पनिचापोन तीरारत्साकुल के हाथों करीबी मुकाबले में हार झेलनी पड़ी। कोर्ट नंबर 2 पर खेले गए इस मैच में थाई खिलाड़ी की रफ्तार और लगातार स्मैशों के सामने लक्ष्य सेन संघर्ष करते नजर आए। दुनिया में 12वें स्थान पर काबिज और सातवें वरीय लक्ष्य सेन को विश्व रैंकिंग में 44वें स्थान पर मौजूद पनिचापोन ने 20-18, 22-20 से हराया। हालांकि, लक्ष्य की डिफेंस काबिले-तारीफ रही, लेकिन निर्णायक मौकों पर थाई खिलाड़ी ने बाजी मार ली। पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन की हार के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स 2025 में भारत का अभियान समाप्त हो गया। अब भारतीय खिलाड़ी आगामी टूनार्मेंट्स में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगे।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश ने गुयेन को हराया, फेडोसीव ने एरिगेसी को चौंकाया; जानें अन्य मैचों के नतीजे

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने लगातार चार ड्रॉ मुकाबलों के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूनार्मेंट के पांचवें दौर में चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराकर पहली जीत दर्ज की। वहीं, अर्जुन एरिगेसी को स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के हाथों चौंकाने वाली हार झेलनी पड़ी। एरिगेसी ने इस हार के कारण अपनी संयुक्त बढ़त गंवा दी। शुरूआती विश्राम दिवस से ठीक पहले मिली इस जीत के साथ गुकेश ने पांच में से तीन अंक हासिल कर लिए और तीन खिलाड़ियों से पीछे संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए।





### गुकेश संयुक्त चौथे स्थान पर

अमेरिका के हांस नीमन और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा, जबकि अब्दुसत्तोरोव के हमवतन और विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव ने कड़ी टक्कर के बाद युवा यागिज काआन एरदोगमुस को हराया। तीन खिलाड़ी 3.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, जबकि गुकेश फेडोसीव और नीदरलैंड के खिलाड़ी जॉर्डन वान फोरेस्ट के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। 114 खिलाड़ियों के 13 दौर वाले इस टूनार्मेंट में अभी नौ दौर बाकी हैं। एरिगेसी 2.5 अंकों के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। वह दो अन्य भारतीयों अरविंद चिदंबरम और आर. प्रज्ञानंद से एक अंक आगे हैं। गुकेश ने काले मोहरों से दबाव के बीच 51 चाल में जीत दर्ज करने के बाद कहा कि यह एक अच्छी जद्दोजहद थी। इस विश्व चैंपियन ने यह भी कहा कि वह अगर पहले दौर में सिंदारोव के खिलाफ बेहद मामूली अंतर से जीत से नहीं चूकते तो लगातार चार ड्रॉ से उनकी धीमी शुरूआत कहीं बेहतर हो सकती थी।

उन्होंने कहा, मुझे पहला मुकाबला जीतना चाहिए था, लेकिन बहुत ही कम अंतर से चूक गया। अब तक खेले गए अधिकांश मुकाबलों से मैं संतुष्ट हूं। भले ही जीत नहीं मिल रही थी, लेकिन मुझे पता था कि मैं अच्छा खेल रहा हूं, इसलिए किसी न किसी समय जीत मिलना तय था। सिंदरोव के खिलाफ मुकाबला इतना लंबा चला कि मैं थक गया था और निराश होने का मौका ही नहीं मिला।

### प्रज्ञानंद ने खेला ड्रॉ

प्रज्ञानंद ने इस टूनार्मेंट में अपना तीसरा ड्रॉ नीदरलैंड के अनीश गिरी के खिलाफ खेला, जबकि अरविंद चिदंबरम जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार गए और पांच मुकाबलों के बाद उनके नाम 1.5 अंक है।

## 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ आयोजन
### सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का वैश्विक संदेश

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** ब्राह्मण एसोसिएशन के तत्वावधान में पहली बार 24 घंटे का अखंड रामायण आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 250 से अधिक भारतीय समुदाय के लोगों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ सहभागिता की।



इस आयोजन का उद्देश्य सनातन धर्म के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना, सांस्कृतिक चेतना को जीवंत रखना और समाज में समरसता एवं एकता का भाव सुदृढ़ करना था। यह आयोजन यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम भी किया गया, जिससे जो लोग भौतिक रूप से उपस्थित नहीं हो सके, वे भी इस पावन अखंड रामायम में जुड़ सके। इस पावन आयोजन का नेतृत्व विजय पांडेय (अध्यक्ष) के मार्गदर्शन में हुआ। उनके साथ उषाती मिश्रा (उपाध्यक्ष), कुशवेंद्र शर्मा (महासचिव), प्रकाश चतुर्वेदी (सलाहकार) तथा जकार्ता ब्राह्मण एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों ने समर्पण भाव से इस आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर डॉ. सुनील करमचंदानी, जवाहरलाल नेहरू भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, तथा भारतीय दूतावास, जकार्ता के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ अमित मिश्रा, प्रथम सचिव (कांसुलर) ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम भारत को इंडोनेशिया में उसकी सम्पूर्ण विविधता के साथ प्रस्तुत करते हैं। अखंड रामायण का यह आयोजन इस तथ्य को रेखांकित करता है कि सनातन धर्म का संदेश सीमाओं से परे है और सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के लिए है। जकार्ता की धरती पर हुआ यह प्रथम और ऐतिहासिक प्रयास भारतीय आध्यात्मिक परंपरा, सांस्कृतिक एकता और वैश्विक भाईचारे का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है।

## राधा कुंज के सेंट्रल पार्क के कायाकल्प की शुरुआत
### पार्षद विनय चौधरी ने किया जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार के निवासियों को बेहतर पर्यावरण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ शुक्रवार को वार्ड संख्या 68, बृज विहार स्थित राधा कुंज के सेंट्रल पार्क के जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत आगाज किया गया। सुबह 10:30 बजे शुभ मुहूर्त में पूजन के साथ विकास कार्यों की नींव रखी गई।





इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संरक्षण है। जीर्णोद्धार के तहत पार्क में बेहतर पैदल पथ बैठने की व्यवस्था और सघन पौधारोपण किया जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को एक स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके।

विकास कार्य के शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्र के निगम पार्षद विनय चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ राधा कुंज आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सुभाष राणा और वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पेंद्र कौशिक ने भी शिरकत की।

पार्षद विनय चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि वार्ड का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। पार्क का सौंदर्यीकरण न केवल बच्चों और बुजुर्गों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि यह क्षेत्र के वायु गुणवत्ता सुधार में भी सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में भाजपा महानगर के पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, समाज सेवक कालूराम, वरिष्ठ पत्रकार नवीन, विनोद चौधरी सहित राधा कुंज के तमाम गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय निवासी मौजूद रहे। आरडब्ल्यूए और स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए पार्षद का आभार व्यक्त किया।

## पढ़ाई भी, करियर भी! लाजपत राय कॉलेज इग्नू केंद्र पर शुरू हुई प्रवेश प्रक्रिया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा जनवरी 2026 शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। लाजपत राय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इग्नू द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रम यूजीसी/एआईसीटीई मान्य, किफायती एवं रोजगारोन्मुखी हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 31 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।




प्राचार्य ने बताया कि अध्ययन केंद्र पर विद्यार्थियों को कई विशेष सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहाँ प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को कक्षाएँ संचालित होती हैं, जिससे कार्यरत एवं नियमित विद्यार्थियों दोनों को सुविधा मिलती है। केंद्र पर अनुभवी काउंसलर्स, भौतिकी एवं रसायन विज्ञान की सुव्यवस्थित प्रयोगशालाएं, तथा सभी आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यह अध्ययन केंद्र श्याम पार्क मेट्रो स्टेशन से पैदल दूरी पर स्थित है, जिससे आवागमन भी अत्यंत सुगम है।

डॉ. रीमा सोढ़ी ने कहा कि इग्नू के डिजिटल लर्निंग संसाधन जैसे ई-ज्ञानकोश, स्वयं प्रभा आदि के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के साथ-साथ रोजगारमुखी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स भी केंद्र पर उपलब्ध हैं, जिनकी देशभर में मान्यता है। अध्ययन केंद्र के समन्वयक श्री अजीत सिंह और सहायक समन्वयक डॉ. रीमा सोढ़ी के नेतृत्व में तथा डॉ. भूपेंद्र जी के मार्गदर्शन में यह अध्ययन केंद्र सुचारू रूप से संचालित है।

## यूजीसी एक्ट के विरोध में दिल्ली कूच से पहले यति नरसिंहानंद किए गए नजरबंद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी को गाजियाबाद पुलिस ने शुक्रवार को उस समय नजरबंद कर दिया, जब वे अपने समर्थकों के साथ दिल्ली के जंतर-मंतर पर आमरण अनशन के लिए निकलने वाले थे। पुलिस ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए डासना देवी मंदिर परिसर को पूरी तरह छावनी में तब्दील कर दिया है।





महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी यूजीसी एक्ट के विरोध में 'प्राणदान' देने हेतु अनशन करने जा रहे थे। उनके साथ डॉ. उदिता त्यागी, अनिल यादव और उनके प्रमुख शिष्य यति रणसिंहानंद, यति अभयानंद, यति धमार्नंद, मोहित बजरंगी और डॉ. योगेंद्र योगी भी मौजूद थे। महाराज ने इस एक्ट पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे एक अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र करार दिया। उन्होंने दावा किया कि उच्च स्तरीय गुप्तचर सूत्रों के हवाले से उन्होंने कहा कि यह एक्ट अरब देशों, विशेषकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की दूरगामी योजनाओं का हिस्सा है। उनका आरोप है कि वैश्विक इस्लामिक थिंक टैंक का मानना है कि जब तक भारत के ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य समाज के डीएनए और वैचारिकता को नहीं बदला जाएगा, तब तक भारत का पूर्ण इस्लामीकरण संभव नहीं है। महाराज जी के अनुसार, ये तीन समाज सदियों से सनातन धर्म की ढाल रहे हैं, जिन्हें कमजोर करने के लिए यह कानून लाया गया है।

यति नरसिंहानंद ने आरोप लगाया कि भारत के कुछ मौलानाओं ने सुनियोजित तरीके से आरएसएस के नेताओं को अपने प्रभाव में लेकर इस यूजीसी एक्ट को लागू करवाया है। उन्होंने इसे सनातन धर्म के अस्तित्व पर सीधा संकट बताया।

पुलिस द्वारा मंदिर परिसर में ही रोके जाने पर महामंडलेश्वर ने गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने इसे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मार्मिक अपील की है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को बचाने के लिए सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए और उनके लोकतांत्रिक विरोध के अधिकार को नहीं कुचलना चाहिए।

## बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने भारत में खेलने की इच्छा जताई थी, पर बीसीबी-सरकार का फैसला पहले से था तय!



### लिटन दास और शांतो ने जताई थी भारत जाने की इच्छा

बैठक में बांग्लादेश टी20 कप्तान लिटन दास और टेस्ट कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने कथित तौर पर भारत जाने के पक्ष में बात रखी। मगर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा का हवाला देकर अपने रुख से पीछे हटने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट में दावा है कि खिलाड़ियों को पिछली घटनाओं और संभावित खतरों का हवाला दिया गया। रिपोर्ट में एक खिलाड़ी के हवाले से कहा गया, 'बैठक हमें सहमति के लिए नहीं बल्कि जानकारी देने के लिए बुलाई गई थी उन्होंने पहले ही फैसला कर लिया था।'


**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इस विवाद में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश सरकार एक तरफ और बांग्लादेश के खिलाड़ी दूसरी तरफ हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारत न जाने का फैसला खिलाड़ियों की सहमति से नहीं, बल्कि एकतरफा तरीके से सुनाया गया।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, खिलाड़ियों को पूछा नहीं बल्कि सूचित किया गया कि बांग्लादेश भारत नहीं जाएगा और विश्व कप में भाग नहीं लेगा। इस फैसले ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदाय में भी सवाल खड़े कर दिए हैं क्योंकि यह आईसीसी के एक बड़े टूनार्मेंट से सीधे हटने जैसा है। फैंस ने इसे शर्मनाक बताया है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश सरकार ने अपने स्वार्थ के आगे खिलाड़ियों की एक न चलने दी।

### खिलाड़ियों की नाराजगी: फैसला पहले से तय था

खिलाड़ियों के मुताबिक, बैठक से पहले ही फैसला हो चुका था और उनकी राय सिर्फ औपचारिकता के तौर पर सुनी गई। रिपोर्ट में एक खिलाड़ी ने कहा, 'उन्होंने पूछा नहीं। प्लान पहले ही बना लिया था और कहा कि हम नहीं जा रहे। असली बात यह है कि यह सरकार का सीधा आदेश था।' कुछ खिलाड़ियों का यह भी कहना है कि पहले ऐसे फैसलों से पहले उनसे बात होती थी, लेकिन इस बार प्रक्रिया पूरी तरह बदली हुई दिखी। रिपोर्ट में यह भी संकेत दिया गया है कि यह निर्णय सरकार की नीति से जुड़ा हुआ है। दोनों देशों के संबंध बीते समय में उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं और कई विश्लेषक इसे उस संदर्भ में भी देख रहे हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने इस बीच आईसीसी से नाइंसाफी की शिकायत की है, जबकि आईसीसी कथित तौर पर स्कॉटलैंड को बांग्लादेश की जगह शामिल करने की तैयारी में है। खिलाड़ियों को बताया गया कि बीसीसीआई की तरफ से सीधे कोई संवाद नहीं आया है, जो इस फैसले का एक और आधार बताया गया। हालांकि, खिलाड़ियों का तर्क था कि तभी तो संपर्क होना चाहिए था क्योंकि वर्ल्ड कप बिलकुल सामने है। बीसीबी प्रमुख अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने खिलाड़ियों को भरोसा दिलाने की कोशिश की, लेकिन खिलाड़ियों के मुताबिक फैसला पहले से तैयार था।

# गाजियाबाद आसपास




# स्व. कवि कृष्ण मित्र के कविता संग्रह 'तुम बिन निर्मल' का हुआ विमोचन, देशभर के कवियों ने बांधा समां



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय महाकवि कवि कृष्ण मित्र की स्मृति में शुक्रवार को एक भव्य वीर रस कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मंचासीन अतिथियों ने महाकवि कवि कृष्ण मित्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण देखने को मिला। कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे प्रसिद्ध कवियों ने वीर रस, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक चेतना और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी रचनाओं का पाठ किया, जिस पर सभागार बार-बार तालियों की गूंज से भर उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकारों ने की, वहीं संचालन कुशल मंच संचालन के साथ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महाकवि कवि कृष्ण मित्र की कविताओं पर आधारित कविता संग्रह 'तुम बिन निर्मल' का विधिवत विमोचन भी किया गया। वक्ताओं ने कवि कृष्ण मित्र के साहित्यिक योगदान, राष्ट्रवादी चेतना और हिंदी कविता को दी गई दिशा पर विस्तार से प्रकाश डाला।




## सोशल मीडिया पर छाई दो थ्री-स्टार की जोड़ी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में थ्री-स्टार मौजूद हैं। कई थ्री-स्टार अपनी वर्किंग और अपने स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। तो कई थ्री-स्टार अपनी पॉवर, प्लेसमेंट और पर्सनैल्टी के जरिए पहचान बनाए हुए हैं। इसके साथ ही कई ऐसे भी थ्री-स्टार हैं जो अपनी वर्किंग के साथ ही अपनी एक्स्ट्रा पारी खलते हैं। पर इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में दो अलग-अलग विभाग वाले थ्री-स्टारों की जोड़ी की चर्चाएं हैं। इन दोनों थ्री-स्टार की चर्चाओं में बताया जा रहा है कि एक थ्री- स्टार ट्रैफिक वाले महकमें हैं। तो दूसरे पुलिस कमिश्नरेट वाले नदिया पार के सबसे खास थाने के प्रभारी हैं। दोनों ही थ्री-स्टार की दोस्ती पुरानी है और दोनों का अंदाज भी निराला बताया जाता है। दोनों का स्वभाव अलग है और दोनों के फेस पर मुस्कान बनी रहती है। बताया जा रहा है बीते दिनों दोनों दोस्तों की थाने में एक पुराने दोस्त के साथ खास वाली मुलाकात हुई। इस मुलाकाल में जहां पुरानी बातें हुई हैं तो नई जाती और दोस्ती वाली सेल्फी भी ली गई। दोनों थ्री-स्टार के बीच का फोटो सेशन जो हुआ और फिर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड भी किया गया है। अब इस फोटो पर जमकर कमेंट और शेयर मिल रहे हैं। वैसे तो बताया जा रहा है, कि ट्रैफिक वाले थ्री-स्टार बीते कई दिनों से सुर्खियों में बने हुए हैं। कभी उनके द्वारा लिया गया एक्शन खबर बन जाता है। तो कभी उनका रिएक्शन सोशल मीडिया पर वायरल होता है। वह अपने साथ सोशल मीडिया टीम लेकर चलते हैं या उनका मीडिया मैनेजमेंट है, इस बात की भी चर्चा समय-समय पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में होती रहती है। उधर दूसरी तरफ उनके साथ नजर आने वाले खास थाने के थ्री-स्टार भी अपनी वर्किंग और सरल स्वभाव से पहचान बनाए हुए हैं। वह सिटी से लेकर नदिया पार तक अपना सर्किल बना चुके हैं। तो वही जिस तरीके से बीते कुछ दिनों में ही दोनों की दोस्ती वाली जोड़ी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं, उसकी भी चर्चा हो रही है। वहीं ट्रैफिक वाले सिस्टम में कई और थ्री-स्टार भी हैं, जो लाइक, फॉलो और शेयर के चक्कर में फंसे हुए हैं। पर इन दिनों जिस तरीके से इन दोनों थ्री-स्टार ने अपनी धमक बना रखी है, उनके आगे कई लोग फेल नजर आ रहे हैं और इनकी जोड़ी हिट होती जा रही है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कितने सारे थ्री-स्टार के बीच अपनी टीआरपी को कायम रखना भी एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण कार्य माना जाता है।



# जीडीए की नीलामी में 11 प्रॉपर्टियों की सफल नीलामी

## दो नीलामियों से जीडीए को लगभग 429 करोड़ रुपए की अनुमानित आय



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत 23 जनवरी, 2026 को प्राधिकरण के सभागार कक्ष में विभिन्न योजनाओं के रिक्त आवासीय, व्यावसायिक, स्कूल एवं ग्रुप हाउसिंग भूखंडों की नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह नीलामी जीडीए उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल के निर्देशन में आयोजित की गई। उक्त नीलामी के माध्यम से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को लगभग 234.11 करोड़ रुपए की आय होने का अनुमान है। शुक्रवार को आयोजित नीलामी में आवासीय, व्यावसायिक, स्कूल तथा ग्रुप हाउसिंग श्रेणी के भूखंड शामिल रहे। विशेष रूप से शास्त्री नगर योजना के आवासीय भूखंडों पर निवेशकों ने असाधारण रुचि दिखाई। शास्त्री नगर योजना की बागवाली कॉलोनी में स्थित दो आवासीय भूखंड, जिनका रिजर्व प्राइस 60,000 रुपए प्रति वर्गमीटर निर्धारित था, वे क्रमशः 2,20,000 रुपए एवं 2,60,000 रुपए प्रति वर्गमीटर की उच्च दरों पर विक्रय हुए।

इसी प्रकार कोशांबी योजना के आवासीय भूखंड, जिनका रिजर्व प्राइस 93,000 रुपए प्रति वर्गमीटर था, वे 1,61,000 रुपए एवं 1,95,000 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से बिके। वैशाली योजना में स्थित 4000 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले स्कूल भूखंड का रिजर्व प्राइस 92,000 रुपए प्रति वर्गमीटर निर्धारित था, जो 95,500 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से लगभग 3.82 करोड़ रुपए में नीलाम हुआ।

नीलामी का प्रमुख आकर्षण कोयल एन्क्लेव योजना के दो ग्रुप हाउसिंग भूखंड रहे, जिनका रिजर्व प्राइस 60,000 रुपए प्रति वर्गमीटर था। ये भूखंड क्रमशः 60,400 रुपए एवं 60,450 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से बिके, जिससे प्राधिकरण को लगभग 158.03 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त इन्द्रप्रस्थ योजना, पॉकेट-ऊमें स्थित 4353 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले ग्रुप हाउसिंग भूखंड का रिजर्व प्राइस 43,500 रुपए प्रति वर्गमीटर था, जो 56,500 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से लगभग 24.59 करोड़ रुपए में विक्रय हुआ। वहीं इसी योजना के पॉकेट-ए में स्थित 195-195 वर्गमीटर के दो व्यावसायिक भूखंड 62,000 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से लगभग 1.20 करोड़ रुपए प्रति भूखंड में नीलाम किए गए।

## राणा प्रताप स्कूल में बसंत पंचमी और 'पराक्रम दिवस' की धूम, छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां



**गाजियाबाद (लोहिया नगर):** लोहिया नगर स्थित राणा प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल में श्रद्धा और देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय परिसर में विद्या की देवी माँ सरस्वती की आराधना (बसंत पंचमी) और महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती (पराक्रम दिवस) का संयुक्त आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम का औपचारिक आरंभ विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में विद्यालय को पीले रंगों से सजाया गया था। उत्सव को जीवंत बनाने के लिए विद्यार्थी और शिक्षक पीले वस्त्रों में नजर आए। सामूहिक सरस्वती वंदना के बाद विद्यार्थियों ने पीले व्यंजनों का आनंद लिया। विद्यालय की छात्राओं ने इस अवसर पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके जीवन संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान को याद किया गया। छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं सुनाईं और ओजस्वी भाषण दिए। वक्ताओं ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी का व्यक्तित्व साहस और अटूट संकल्प का प्रतीक है, जिससे हर युवा को प्रेरणा लेनी चाहिए।

विद्यालय की प्रधानाचार्या/प्रबंधन ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा: बसंत पंचमी हमें अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ने का संदेश देती है, वहीं नेताजी का जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्र के प्रति हमारा कर्तव्य सर्वोपरि है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक वर्ग का विशेष सहयोग रहा। अंत में राष्ट्रगान के साथ सभा का विसर्जन हुआ।

## नौकरी का झांसा देकर युवती का यौन उत्पीड़न

इंदिरापुरम। थानाक्षेत्र के प्रह्लादगढ़ी स्थित होटल में युवती से यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। आरोप है कि कार शोरूम का प्रबंधक बनकर मनीष गहलोत नाम के व्यक्ति ने पूर्वोत्तर दिल्ली निवासी युवती को नौकरी का झांसा दिया। बातों में फंसाकर उसे बुलाया और कार में जूस पिलाकर बेहोशी की हालत में होटल ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। मामला 30 नवंबर 2025 का है। पुलिस ने 22 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में पीड़िता ने बताया कि 23 नवंबर 2024 को उनके मोबाइल से गलती से एक नंबर लग गया था लेकिन उस पर बात नहीं हुई। कुछ देर बाद दूसरे नंबर से उनके मोबाइल पर बैक कॉल आई। आरोपी ने खुद को कार शोरूम का प्रबंधक मनीष गहलोत बताया। साथ ही उसे नौकरी दिलाने का झांसा दिया।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर भाजपा नेता रामावतार जिंदल ब्रजमंडल की विभूति श्री मलूकपीठाधीश्वर राजेंद्रदास देवाचार्य जी महाराज की पावन कथा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने संत श्री के चरणों में वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री जिंदल ने कहा कि संतों का सान्निध्य जीवन को सकारात्मक दिशा देता है। कथा स्थल पर आध्यात्मिक वातावरण और श्रद्धा का भाव देखने को मिला। इस अवसर पर गुरुजी श्री नवनीतप्रिय दास जी भी उपस्थित रहे। साथ ही श्री मोनी बाबा जी का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिंघल की उपस्थिति रही। रामावतार जिंदल ने इसे आत्मिक शांति और प्रेरणा का क्षण बताया। उन्होंने समाज के कल्याण और सद्भाव की कामना की। गुरु के प्रति भावनाओं से भरी ये मुलाकात बनी दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# हजारों गिरफ्तार और 5000 से भी ज्यादा मौतें

## ईरान में नहीं रुक रहे प्रदर्शन, ट्रंप बोले- मदद आ रही

**ईरान।** ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर की गई सख्त कार्रवाई में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 5,002 हो गई है। हालात ऐसे हैं कि देश में बीते कई दशकों का सबसे बड़ा दमन देखा जा रहा है। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी नौसेना का बड़ा बेड़ा ईरान के नजदीक पहुंच रहा है। इस बयान के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और गहरा गया है।

ईरान में 28 दिसंबर से शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद हालात लगातार बिगड़ते गए। इंटरनेट बंद होने और अंतरराष्ट्रीय कॉल रोकने से सही जानकारी सामने लाना मुश्किल हो गया है। इसके बावजूद मानवाधिकार कार्यकताओं ने बताया कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई में हजारों लोग मारे गए हैं। ट्रंप ने इन हालात पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिकी नौसेना का आमार्डा यानी जहाजों का बड़ा समूह क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है।




### सरकार और कार्यकताओं के आंकड़ों में फर्क

ईरानी सरकार ने पहली बार आधिकारिक रूप से मौतों का आंकड़ा जारी किया है। सरकार के अनुसार कुल 3,117 लोगों की मौत हुई है। इनमें 2,427 लोग नागरिक और सुरक्षाकर्मी बताए गए हैं। बाकी मृतकों को सरकार ने आतंकी करार दिया है। मानवाधिकार कार्यकर्ता सरकार के आंकड़ों पर सवाल उठा रहे हैं। पहले भी ईरान पर मौतों की संख्या कम दिखाने के आरोप लगते रहे हैं। ईरान का राज्य टीवी प्रदर्शनकारियों को बार-बार उपद्रवी बता रहा है। राज्य मीडिया अमेरिका और इस्राइल पर प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप लगा रहा है।

मानवाधिकार संगठनों के अनुसार मरने वालों में 4,716 प्रदर्शनकारी शामिल हैं। इसके अलावा 203 सरकारी पक्ष से जुड़े लोग, 43 बच्चे और 40 ऐसे नागरिक भी मारे गए जो प्रदर्शनों में शामिल नहीं थे। वहीं 26,800 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह आंकड़ा ईरान में पिछले कई दशकों के किसी भी आंदोलन से कहीं ज्यादा है और 1979 की इस्लामिक क्रांति के दौर की याद दिलाता है।

### ट्रंप का दावा और बढ़ता सैन्य तनाव

ट्रंप ने दावा किया था कि उनके हस्तक्षेप से 800 लोगों की फांसी रुक गई, लेकिन ईरान के शीर्ष अभियोजक ने इस दावे को पूरी तरह झूठा बताया है। अभियोजक ने साफ कहा कि न ऐसी कोई सूची है और न ही सामूहिक फांसी का कोई आदेश। इसी बीच अमेरिका ने अपने युद्धपोत और विमानवाहक पोत क्षेत्र में भेजे हैं। ट्रंप का कहना है कि यह कदम एहतियातन उठाया गया है, लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि हालात कभी भी और गंभीर हो सकते हैं।

# बांग्लादेश : सरकार बनाने के करीब कट्टरपंथी जमात

## आंतरिक सर्वे में बीएनपी के बाद दूसरी सबसे बड़ी पार्टी; प्रचार तेज

**ढाका।** बांग्लादेश में अवामी लीग प्रमुख व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बिना अगले माह होने जा रहे आम चुनावों के लिए बुधवार से प्रचार शुरू हो गया। इन चुनावों में एक बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिल सकता है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक हाल ही में हुए दो अलग-अलग आंतरिक सर्वेक्षण में लंबे समय तक राजनीति से बाहर रही कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी पहली बार सरकार बनाने के बेहद नजदीक पहुंचती नजर आ रही है।



### पाकिस्तान समर्थक है जमात-ए-इस्लामी

जमात को पाकिस्तान समर्थक माना जाता है और उसने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम का भी विरोध किया था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को कड़ी टक्कर दे रही है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को 300 सीटों संसदीय चुनाव होंगे। जमात को देश की आजादी के बाद 1972 में प्रतिबंधित भी कर दिया गया था, जिसे 1975 में हटाया गया और 1979 में जियाउर रहमान के शासन में पार्टी को चुनाव में भाग लेने की अनुमति मिली।

जमात-ए-इस्लामी को लंबे समय से धर्मनिरपेक्ष समूहों की आलोचना का सामना करना पड़ा है। उसकी नीतियां बांग्लादेश की धर्मनिरपेक्ष बुनियाद को चुनौती मानी जाती हैं। जन-आंदोलन के दौरान छात्र नेताओं द्वारा गठित नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) भी इस गठबंधन का हिस्सा है। 2024 में हिंसक दमन के बीच हसीना के पांच अगस्त 2024 को देश छोड़कर भारत चले जाने के तीन दिन बाद यूनुस ने पद संभाला, उन पर भी एक पक्ष को प्रमुखता देने के आरोप हैं। बीएनपी अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के पुत्र तारिक रहमान को प्रधानमंत्री पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। उनकी पार्टी को उनकी मां की राजनीतिक विरासत के कारण मजबूत समर्थन मिला है। खालिदा जिया का पिछले महीने निधन हो गया था। रहमान 17 वर्षों के निर्वासन के बाद पिछले महीने ब्रिटेन से बांग्लादेश लौटे हैं। तारिक रहमान ने बृहस्पतिवार को सिलहट में रैली की।

# जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने भंग की संसद, 8 फरवरी को होंगे मध्यावधि चुनाव

**जापान।** जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने शुक्रवार को संसद के निचले सदन को भंग कर दिया, जिससे देश में 8 फरवरी को मध्यावधि चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। तकाइची ने यह फैसला केवल तीन महीने के कार्यकाल के बाद लिया है। अक्तूबर में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री चुनी गईं तकाइची को अब तक लगभग 70 प्रतिशत की ऊंची लोकप्रियता मिली है। माना जा रहा है कि वह इसी लोकप्रियता का लाभ उठाकर सत्तारूढ़ दल की स्थिति मजबूत करना चाहती हैं, जिसे हाल के वर्षों में भारी नुकसान झेलना पड़ा है।

हालांकि, संसद भंग होने से उस बजट पर मतदान टल गया है, जिसका उद्देश्य कमजोर अर्थव्यवस्था को सहारा देना और बढ़ती महंगाई से निपटना था। 465 सदस्यीय निचले सदन के भंग होने के साथ ही 12 दिनों



का चुनाव प्रचार अभियान शुरू होगा, जिसकी औपचारिक शुरूआत मंगलवार से होगी।

प्रधानमंत्री तकाइची ने कहा कि वह चाहती हैं कि जनता तय करे कि उन्हें प्रधानमंत्री बने रहना चाहिए या नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह इस चुनाव को अपने राजनीतिक भविष्य से जोड़ रही हैं। सख्त रुख वाली रूढ़िवादी नेता तकाइची अपने पूर्ववर्ती शिगेरु इशिबा से अलग नीतियों को सामने रखना चाहती हैं। उनके एजेंडे में ज्यादा सरकारी खर्च, सैन्य ताकत में इजाफा और कड़ी आव्रजन नीति शामिल है, ताकि जापान को 'मजबूत और समृद्ध' बनाया जा सके।

### युवाओं में लोकप्रिय तकाइची की छवि

हालांकि तकाइची की छवि युवा मतदाताओं में लोकप्रिय है, लेकिन सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) अभी भी राजनीतिक फंडिंग घोटाले के असर से उबर रही है। इसके चलते कई पारंपरिक मतदाता उभरती दक्षिणपंथी विपक्षी पार्टियों की ओर रुख कर चुके हैं। प्रधानमंत्री का लक्ष्य इस चुनाव के जरिए निचले सदन में मजबूत बहुमत हासिल करना है, ताकि उनकी सरकार बिना विपक्ष पर निर्भर हुए अपने एजेंडे को आगे बढ़ा सके।

# शांति बोर्ड में शामिल होकर अपने ही घर में घिरे शहबाज

**- पाकिस्तान समेत 19 देशों के नेताओं ने दावोस में इस समूह के चार्टर के रूप में अपना-अपना नाम दर्ज कराया।**



**वाशिंगटन।** अमेरिका के साथ गलबहियां करने के चक्कर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने ही घर में सवालों के बीच घिर गए हैं। उन्हें विपक्ष की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड की अध्यक्षता में बने शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए शरीफ ने शरीफ ने गुरुवार को हस्ताक्षर किए। पाकिस्तान समेत 19 देशों के नेताओं ने दावोस में इस समूह के चार्टर के रूप में अपना-अपना नाम दर्ज कराया। इस दौरान जब शहबाज का हस्ताक्षर करने का वक्त आया तो वह ट्रंप के बगल में बैठक मुस्कुराते नजर आए। हालांकि, इस फैसले ने पाकिस्तान के अंदर बवाल मचा दिया।

यह शांति बोर्ड क्यों बनाया गया है और इसको बनाने का विचार कहां से आया है। शांति बोर्ड बनाने का विचार सबसे पहले गाजा युद्ध के दौरान आया, जब अमेरिकी ने अपनी शांति योजना को पेश किया। यह बोर्ड गाजा में शांति की निगरानी करने के लिए बनाया गया। लेकिन यह बोर्ड अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के समाधान के लिए एक मध्यस्थ की भूमिका की दिशा में आगे बढ़ता दिख रहा है। बताया जा रहा है कि ट्रंप इसके माध्यम से अपना खुद का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) बना रहे हैं। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन की खबर के मुताबिक, पीटीआई के वरिष्ठ नेता असद कैसर ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार ने इतने संवेदनशील मुद्दे पर सर्वसम्मति से फैसला लेने की जहमत नहीं उठाई। उन्हें इस पर संसद में चर्चा करना चाहिए थी, ताकि विश्व समुदाय में यह धारणा बने कि पाकिस्तान में लोकतंत्र है।

### जेयूआई-एफ ने भी सरकार पर साधा निशाना

जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के प्रमुख फजलुर रहमान ने भी इस फैसले की कड़ी आलोचना की। उन्होंने हमास को निरस्त्र करने के किसी भी अभियान का हिस्सा बनने के खिलाफ चेतावनी दी। पाकिस्तान की संसद में रहमान ने कहा कि फलस्तीनियों की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार लोग शांति बोर्ड का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप से शांति की उम्मीद करना बेवकूफों की जन्नत (स्वर्ग) में रहने जैसा है। फजलुर रहमान ने इस बात पर जोर दिया कि ट्रंप ही बोर्ड के अध्यक्ष हैं और उन्होंने अपनी इच्छा से सदस्यों को चुना है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का अपहरण किया है। रहमान ने कहा कि गाजा पर बमबारी जारी है और प्रधानमंत्री शरीफ और (इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन) नेतन्याहू इस बोर्ड में कंधे से कंधा मिलाकर बैठेंगे।

### इस फैसले पर इमरान खान की पार्टी ने क्या कहा?

विपक्षी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष गोहर अली खान ने इस फैसले पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने किसी परामर्श के शांति बोर्ड में शामिल होने का फैसला किया। उन्होंने कहा, कल विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह शांति बोर्ड में शामिल हो गया है। सरकार ने संसद को नजरअंदाज किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शांति बोर्ड में शामिल होने से पहले उसकी शर्तों के बारे में संसद को बताया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, क्या आप हमास को निरस्त्र करने में भूमिका निभाएंगे? अगर यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का कोई निकाय होता, तो सरकार खुद से कदम उठा सकती थी। लेकिन शांति बोर्ड कोई यूएन का निकाय नहीं है।

# अप्रवासन अधिकारियों ने पांच साल के बच्चे को हिरासत में लिया

## स्कूल का दावा-चारे की तरह किया इस्तेमाल



**वाशिंगटन।** अमेरिका में संघीय अप्रवासन अधिकारी अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई में इस कदर पागल हो गए हैं कि उन्होंने मिनेसोटा में एक पांच साल के बच्चे को हिरासत में ले लिया। बच्चा जिस स्कूल में पढ़ता है, उसके अधिकारियों ने भी घटना पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और कहा कि बच्चे को चारे की तरह इस्तेमाल किया गया। बच्चे और उसके पिता को टेक्सास में एक डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। पहली बार नहीं है कि अप्रवासन अधिकारियों ने किसी बच्चे को पकड़ा हो, इससे पहले हाल के हफ्तों में मिनियापोलिस में भी तीन बच्चों को डिटेंशन सेंटर में रखा गया है।

### 'बच्चे को चारे की तरह इस्तेमाल किया गया'

स्कूल की सुपरीटेंडेंट जेना स्टेनविक ने बताया कि संघीय अप्रवासन एजेंट्स ने पांच साल के लियम कोनेजो रामोस को कार से हिरासत में लिया, जब वह मंगलवार दोपहर अपने पिता के साथ अपने घर जा रहा था।

इसके बाद अधिकारी बच्चे को उसके घर लेकर गए और उन्होंने उससे घर का दरवाजा खटखटाने को कहा। स्टेनविक ने आरोप लगाया कि एजेंट्स ने बच्चे को चारे की तरह इस्तेमाल किया, ताकि घर में मौजूद अन्य लोगों को हिरासत में लिया जा सके। स्टेनविक ने बताया कि पीड़ित परिवार अमेरिका में शरणार्थी है और इस देश में शरण लेने के लिए उनका अदालत में केस चल रहा है। फिलहाल उन्हें देश छोड़ने का कोई आदेश नहीं दिया गया है।

### अप्रवासन विभाग ने दी सफाई

वहीं अप्रवासन विभाग ने आरोपों को खारिज कर दिया है। अप्रवासन विभाग की प्रवक्ता ने बताया कि विभाग बच्चे के पिता एड्रियन एलेक्जेंडर कोनेजो एरियास को पकड़ने के लिए ऑपरेशन चला रहा था, जो इक्वाडोर से आकर अमेरिका में अवैध रूप से रह रहा है।

जैसे ही अप्रवासन विभाग के एजेंट्स उसे पकड़ने पहुंचे, तो वह बच्चे को छोड़कर पैदल ही मौके से भाग गया। इसके बाद एजेंट्स बच्चे को लेकर उसके घर गए और उसके पिता को हिरासत में ले लिया।

हमने परिवार को विकल्प दिया था कि वे बच्चे को अलग रख सकते हैं या फिर अपने साथ ही, तो परिजनों ने बच्चे को अपने साथ डिटेंशन सेंटर में रखने का फैसला किया। फिलहाल पिता और पुत्र दोनों हिरासत में हैं।

# सरकारी प्रयासों के बावजूद चीन में तेजी से घटती आबादी, बच्चे पैदा नहीं करना चाहते लोग

**चीन।** चीन में तेजी से आबादी घट रही है, लगातार चौथे साल ऐसा हुआ है। 2016 में 'वन चाइल्ड' पॉलिसी खत्म कर दी गई थी, फिर भी आबादी में बढ़ोतरी नहीं हुई।

सरकार जन्म दर बढ़ाने के लिए कई प्रयास कर रही है, लेकिन वे सब विफल साबित हो रहे हैं। सरकार जन्म दर को बढ़ाने के लिए अलग-अलग तरीके से मदद और सुविधाएं दे रही है। लेकिन यह चौथा साल है, जब जन्म दर लगातार घटी है।

सोमवार को सरकारी आंकड़े जारी हुए, जिनमें सामने आया कि अब जन्म दर 1,000 लोगों पर सिर्फ. 5.63 रह गई है।

1949 में कम्युनिस्ट पार्टी के सत्ता में आने के बाद यह सबसे कम जन्म दर मापी गई है। दूसरी ओर, चीन में मृत्यु दर बढ़कर 1,000 लोगों पर 8.04 हो गई है, जो 1968 के बाद सबसे ज्यादा है।



### सरकार बच्चे पैदा करने के लिए दे रही है पैसे

साल 2016 में चीन की सरकार ने 'वन चाइल्ड' पॉलिसी खत्म कर दी थी और दो बच्चे पैदा करने की इजाजत दे दी थी। यह जन्म दर बढ़ाने के प्रयास के तौर पर लिया गया फैसला था, लेकिन जब इससे भी जन्म दर में निरंतर बढ़ोतरी नहीं हुई, तो 2021 में तीन बच्चे पैदा करने तक की अनुमति दी गई।

साल 2025 के अंत तक चीन की आबादी 33.9 लाख कम हुई और 140 करोड़ रह गई। यह गिरावट पिछले साल के मुकाबले अधिक है।

बुजुर्ग लोगों की संख्या बढ़ने और अर्थव्यवस्था धीमी होने की वजह से चीन सरकार युवाओं को शादी करने और बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

# डोनाल्ड ट्रंप और मार्क कार्नी एक-दूसरे से इतने खफा क्यों, दोनों की तकरार का क्या है इतिहास?

**- दावोस में मार्क कार्नी का भाषण इतना वायरल क्यों हो रहा है और दुनिया भर के देशों को उत्साहित क्यों कर रहा है?**



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा को 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का न्योता दिया था, लेकिन अब उन्होंने इसे वापस ले लिया है।

ट्रंप ने यह कदम ऐसे वक्त पर उठाया है जब स्विट्जरलैंड के दावोस में 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' में कनाडा के पीएम कार्नी ने खुलकर अपनी बात रखी। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, प्रिय प्रधानमंत्री कार्नी, कृपया इस पत्र को इस बात की सूचना के रूप में लें कि 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने के आमंत्रण को वापस लिया जा रहा है, इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

इससे पहले 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' के मंच पर मार्क कार्नी का भाषण खूब चर्चा में रहा है। उनका दावोस में दिया भाषण वायरल हो रहा है। अमेरिकी टिप्पणीकार क्रिस हेज ने भी कार्नी के भाषण की तारीफ में लिखा, मार्क कार्नी का दावोस में दिया गया भाषण बहुत लंबे समय में किसी भी राजनेता के दिए गए सर्वश्रेष्ठ भाषणों में से एक है।

द वायर के संस्थापक सदस्य एमके वेणु ने कहा, दावोस में मार्क कार्नी का भाषण इतना वायरल क्यों हो रहा है और दुनिया भर के देशों को उत्साहित क्यों कर रहा है? क्योंकि उन्होंने सबसे पहले उन बातों को जाहिर किया है जो अन्य राष्ट्राध्यक्ष कहना तो चाहते हैं लेकिन कहने की हिम्मत नहीं जुटा पाए हैं।

कार्नी ने कुछ भी नया नहीं कहा, सिवाय इसके कि मिडिल पावर्स मिलकर दादागिरी करने वालों को कमजोर कर सकती हैं।

# ब्राजील के राष्ट्रपति लूला ने पीएम मोदी से फोन पर की बातचीत

**ब्राजील।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने आगामी ब्राजील-भारत बिजनेस फोरम के महत्व पर जोर दिया। यह फोरम लूला के भारत के राजकीय दौरे के दौरान आयोजित होगा और इसी अवसर पर नई दिल्ली में एपेक्स-ब्राजील कार्यालय का उद्घाटन भी किया जाएगा।

एक्स पर साझा किए गए पोस्ट में राष्ट्रपति लूला ने बताया कि वह 19 से 21 फरवरी के बीच नई दिल्ली का राजकीय दौरा करेंगे, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय एजेंडे को आगे बढ़ाना है।

राष्ट्रपति लूला ने इस बातचीत के बाद एक्स पर लिखा कि आज मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि हमने 19 से 21 फरवरी के बीच नई दिल्ली में होने वाले मेरे राजकीय दौरे और द्विपक्षीय एजेंडे पर चर्चा की।

राष्ट्रपति ने बताया कि हमने ब्राजील-भारत बिजनेस फोरम के महत्व को रेखांकित किया, जो मेरी यात्रा के दौरान आयोजित होगा। इसी के साथ नई दिल्ली में एपेक्स कार्यालय का उद्घाटन भी होगा। उन्होंने कहा कि हमने वैश्विक हालात पर भी विचार साझा किए और गाजा व दुनिया में शांति, बहुपक्षवाद और लोकतंत्र की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



### ब्राजील से लगातार बढ़ रही करीबी

दिसंबर 2025 में ब्राजील की आधिकारिक यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने राष्ट्रपति लूला के मुख्य सलाहकार सेल्सो अमोरिम और रक्षा मंत्री जोजे मूसियो मोंटेइरो से मुलाकात की। भारतीय नौसेना के बयान के अनुसार, इन बैठकों में भारत-ब्राजील रक्षा सहयोग के विस्तार, रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को आगे बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राष्ट्रपति लूला से बातचीत के बाद कहा कि भारत और ब्राजील के बीच करीबी सहयोग 'ग्लोबल साउथ' के साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए बेहद अहम है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह ब्रिक्स साझेदार ब्राजील के राष्ट्रपति का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'राष्ट्रपति लूला से बात करके खुशी हुई। हमने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी की मजबूत गति की समीक्षा की, जो आने वाले वर्ष में नई ऊंचाइयों को छूने को तैयार है। हमारा करीबी सहयोग ग्लोबल साउथ के साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैं जल्द ही भारत में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने रक्षा उद्योग सहयोग और क्षमता निर्माण से जुड़े अवसरों पर भी विचार किया, ताकि दीर्घकालिक सामंजस्य और साझा सुरक्षा उद्देश्यों को समर्थन मिल सके। साथ ही दक्षिण अटलांटिक, व्यापक इंडो-पैसिफिक और ग्लोबल साउथ की सामूहिक भूमिका सहित क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई, जिससे एक सुरक्षित, स्थिर और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए भारत-ब्राजील की साझा दृष्टि सामने आई।

### अमेरिका से भारतीयों को लगा झटका

**वॉशिंगटनः** अमेरिकी स्टेट फ्लोरिडा अपने स्टेट यूनिवर्सिटी सिस्टम में नए एच-1बी वीजा हायरिंग पर एक साल तक रोक लगा सकता है। इस रोक का आधिकारिक ऐलान जल्दी ही किए जाने की संभावना है। इसका मकसद नौकरियों में अमेरिकियों को तरजीह देना और विदेशी लेबर पर निर्भरता कम करना बताया गया है। यह फैसला विदेशी कामगारों, खासतौर से भारतीयों को झटका देगा। इसकी वजह यह है कि अमेरिका के एच-1बी वीजा कार्यक्रम का लाभ सबसे ज्यादा भारतीय पेशेवरों को मिलता रहा है।


कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर, जनपद गाजियाबाद

पत्रांकः 82 /न0पा0परि0खो0म0/2025-26 दिनांकः23 जनवरी 2026

-:: सार्वजनिक सूचना (नीलामी) ::-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय के वाहन डिपों में काफी पुराना स्क्रैप है, जो कि निकाय के वाहन डिपों परिसर में एकत्रित है। जिस हेतु नीलामी दिनांक 30-01-2026 अपरान्ह 12:00 बजे पालिका कार्यालय में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति तिथि व समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी बोली में भाग ले सकते हैं। शारायतनमे/कार्य की अधिकतम जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्य समय से कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। (नोट स्क्रैप की निरिक्षण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में आकर देखा जा सकता है।)

(डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
न0पा0परि0 खोड़ा-मकनपुर,
गाजियाबाद।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# जिला स्वास्थ्य समिति की शासकीय निकाय बैठक सम्पन्न

## ओपीडी बढ़ाने, कम सर्जरी करने वाले विशेषज्ञों को नोटिस और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के नियमित संचालन के निर्देश




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की शासकीय निकाय की बैठक महात्मा गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तथा पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं क्षय रोग नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान के संबंध में सभी विभागों का उन्मुखीकरण किया गया।

बैठक में सभी चिकित्सालयों में ओपीडी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। कम सर्जरी करने वाले विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। समीक्षा के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। जिन केंद्रों पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की तैनाती नहीं है, वहां एएनएम द्वारा नियमित सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी केंद्रों पर आवश्यक औषधियों एवं टेस्ट किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए समुदाय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा प्रसव उपरांत गर्भवती महिलाओं को देय प्रोत्साहन राशि का भुगतान 24 घंटे के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनपद स्तरीय उप/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रतिमाह आठ तथा ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रतिमाह दस चिकित्सा इकाइयों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का भ्रमण अनिवार्य किया गया। राज्य स्तर से उपलब्ध कराई गई चेकलिस्ट के अनुसार निरीक्षण रिपोर्ट प्रेषित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जनपद में संचालित समस्त 102/108 एम्बुलेंस सेवाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। शेष रिक्त आशा पदों पर शीघ्र चयन करने के निर्देश दिए गए। शहरी क्षेत्र में लगातार अनुपस्थित पाई गई दो एएनएम की सेवा समाप्ति के आदेश जारी किए गए। इसके साथ ही राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में सहभागिता न करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अखिलेश मोहन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिहानी गेट पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी गैंग का किया खुलासा, चार गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना सिहानी गेट पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के दो ई-रिक्शा, ई-रिक्शा की बैटरियां, वारदात में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा, 2000 नगद और अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों ने पिछले करीब छह महीनों में आधा दर्जन से अधिक ई-रिक्शा चोरी किए थे। ये आरोपी ई-रिक्शा को चोरी करने के बाद उनकी बैटरियां व अन्य सामान निकालकर कबाड़ी के यहां बेच देते थे, जबकि शेष सामान स्वयं इस्तेमाल कर लेते थे। नंदग्राम सर्किल की कार्यवाहक एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रिंकू उर्फ अंकुर-ललित, दीपक, आसिफ मलिक और अनस के रूप में हुई है। सभी आरोपियों के खिलाफ चोरी व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपी मुख्य रूप से मेट्रो स्टेशन के आसपास खड़े ई-रिक्शा को निशाना बनाते थे। एसीपी ने आगे बताया कि इंस्पेक्टर सिहानी गेट कुलदीप दीक्षित ने अपने चौकी प्रभारियों के साथ मिलकर ई-रिक्शा चोरी गैंग को पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित की थी। इसी टीम की सतर्कता और मेहनत के चलते थाना सिहानी गेट पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली। मामले में चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। गौरतलब है कि थाना सिहानी गेट पुलिस लगातार अपराध नियंत्रण को लेकर सख्त कार्रवाई कर रही है और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चला रही




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? सांसद जी को करा दिया है एक विधायक ने उनके नंबर वन दुश्मन का एहसास? विधायक ने कहा आप मत सोचें कि उस चेहरे की मुझसे है प्रतिस्पर्धा खास? आज भी इस लड़ाई में आप नंबर वन पर हैं साहब? कहने वाले ने कहा कि दोनों को पता है कौन लड़ रहा है उनसे लड़ाई? मगर मजे की बात ये है, जब ये सब साथ-साथ होते हैं? तो करते हैं एक दूसरे की बढ़ाई?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कब तक रूद्र सा प्रताप रखने वाले त्यागी जी होर्डिंग के सहारे करेंगे दावेदारी? उन्हें हो जायेगा भविष्य में फायदा? अगर वो बात सीरियसली लेंगे हमारी? उन तक पहुंचा दो यही संदेश? एक बड़ी जनसभा करें, ढूंढे उस सभा के लिए कोई बड़ा स्थान और कोई बड़ा चीफ गेस्ट? करा दें वो विधायक जी को भी एहसास? आप ही का हाथ सभाएं कराने में मजबूत नहीं हैं? हम भी हैं इस मामले में लाजवाब? कहने वाले ने कहा दोस्ती की है तो निभानी पड़ेगी? दावेदारी की है तो ताकत दिखानी पड़ेगी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें बहुत अच्छे लगते हैं प्रबुद्ध वाले शर्मा भैया के बोल? वो कहते हैं साफ और स्पष्ट बात? कुछ भी नहीं तोल-मोल के वो बोलते हैं बोल? मगर इन दिनों भगवागढ़ में उनके साथ घट रही है घटना गंभीर? क्या लिखें या ना लिखें? निकाल ही नहीं पा रहे हैं वो अपनी तरकश से तीर? देखना अब ये है वो खुद को कब तक रखते हैं कंट्रोल? हमने कभी उनको निभाते हुए नहीं देखा हैं यूं खामोशी वाला रोल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विभु भैया को रहना होगा सावधान? हम देख रहे हैं आजकल गर्ग साहब लग रहे हैं जिंदल जी पर भी ध्यान? हालांकि जिंदल जी से बताया जाता है उनका पुराना व्यवहार? मगर राजनीति में कब-कहां क्या पक जाये? कुछ समझ नहीं आता है यार? वैसे भी अपनी मिलनसारिता और समाजिकता के नाते? जिंदल जी करते हैं काफी कुछ डिजर्व? हो सकता है गर्ग साहब ने उनके लिए कोई मामला रखा हो अपने दिल में करके रिजर्व?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सेनेट्री वाले अनिल जी की एक अदा है खास? वो जिसके हैं, उसके हैं? उसका भरपूर निभाते हैं साथ? कुछ ऐसे ही हैं उनके भगवा सांवरे से सांवरिया सेठ को लेकर जज्बात? हम जब कार्यक्रम के बाहर खड़े थे तब वो कर रहे थे उनकी ही बात? कह रहे थे कि समाजिकता निभाने में नहीं है हमारे भाई का कोई भी तोड़? एनर्जी ऐसी है कि अच्छे-अच्छों को पीछे देते हैं छोड़? हम निभायेंगे उनका साथ? चाहे कोई भी मोड़?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के ब्राह्मण चेहरों ने हमें भगवा मास्टर का कम लग रहा है टीम में आने का चांस? वजह मास्टर जी नहीं है? बल्कि वजह उनके साथ वाले हैं श्रीमान? सुना है मास्टर जी की तो कबकी बन जाती बात? मगर उन पर भारी पड़ रहा है किसी का साथ? वैसे भी सच है मास्टर जी जिसके हैं उसके ही रहते हैं साथ? भले ही कुछ भी ना आये उनके हाथ? उठाकर देख लो उनकी राजनीति का इतिहास? अगर वो भी औरों की तरह बेवफा होते? तो आज कुछ ना कुछ जरूर होता उनके पास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि**भगवागढ़ के अति वरिष्ठ चेहरे ने ले ली है शपथ? अब वो पार्टी के कार्यक्रमों में नहीं देंगे बिल्कुल भी वक्त? उन्होंने किसी से कहा कि मुझे हो गया है इस बात का ज्ञान? अब चाहे कितने भी जूते घिस लें? पार्टी नहीं बनाने वाली है हमें कुछ भी देने के लिए प्लान? इसलिए अब हम जहां हैं वहां हैं हर तरीके से खुश? वैसे भी ये नए दौर की भगवा है? यहां युवा चेहरे हो रहे हैं पुश?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शर्मा जी ने एक बात को मुस्कुराते हुए सबको बताया? बोले यहां पर जो एक पंजाबी और ब्राह्मण चेहरा बैठा है? इन दोनों से एक किसी चेहरे का है दायां तो दूसरा है बायां? फिर वो बोले कि आप समझ लो कि दोनों हैं उनके मजबूत हाथ? अब कौन सा हैंड मजबूत ज्यादा है? ये तो यही बता सकते हैं साहब? हमारा क्या है हम तो उनकी नजरों में हो चुके हैं बोल्ड? उन्होंने तो हमारा मामला साईड में करके रख दिया है फोल्ड?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने देखा सतेन्द्र सिंह दे रहे हैं कविनगर वाले धार्मिक की मीडिया वाली जानकारी? कहने वाले ने कहा उनकी इस अदा को देखकर लग रहा है कि वो राजनीति वाली टीम में खेलेंगे इस बार मीडिया प्रभारी वाली जिम्मेदारी? हम देख रहे हैं बहुत दिनों से मीडिया वाले चौधरी के नहीं हो रहे हैं दीदार? कुछ तो वजह है जो अब मिस्टर ठाकुर ने संभाला है इतने बड़े आयोजन का पूरा प्रचार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सर्दी के मौसम में लगी हुई है आग? हम देख रहे हैं कि लगातार कई कार्यक्रम मिस्टर गोयल कर चुके हैं? मगर इनमें नजर नहीं आये हैं गर्ग साहब? कहने वाले ने कहा लगातार क्या हो रहा है यूं नजर नहीं आना बाईचांस? या फिर अब वो लेना ही नहीं चाहते हैं इनके कार्यक्रमों में जाने का कोई चांस? कहने वाले ने कहा हमको ये ख्याल तब आया? जब बसंत पंचमी की खुशी में हम कर रहे थे डांस?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# खोड़ा में जयकारों के साथ निकली कलश यात्रा

## सिद्धीपीठ श्री झुन्ना हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस पर धार्मिक अनुष्ठानों का आगाज, भाजपा नेता कालू यादव ने किया नेतृत्व




### 23 जनवरी से 29 जनवरी तक सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का होगा भव्य आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा में सिद्धीपीठ श्री झुन्ना हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर शुक्रवार को क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भाजपा नेता कालू यादव के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उमंग और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र 'जय श्री राम' और 'जय हनुमान' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान रहा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

कलश यात्रा के समापन पर भाजपा नेता कालू यादव ने बताया कि मंदिर के स्थापना दिवस को महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि आज से 23 जनवरी से 29 जनवरी तक सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा के माध्यम से श्रद्धालु भक्ति की गंगा में डुबकी लगा सकेंगे।

सप्ताह भर चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन 30 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ होगा। कालू यादव ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमियों से कथा श्रवण करने और भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है।

यात्रा में सिर पर कलश धारण किए महिलाएं और भजन गाते श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र रहे। भक्तों का मानना है कि सिद्धीपीठ श्री झुन्ना हनुमान जी महाराज की असीम कृपा से ही क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनी हुई है। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य और स्थानीय गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

# मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील सिंह को मिला मुख्यमंत्री का कुम्भ सेवा मेडल-2025




**लखनऊ करंट क्राइम।** कुम्भ जैसे विश्व के सबसे विशाल एवं चुनौतीपूर्ण धार्मिक आयोजन में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील सिंह को मुख्यमंत्री कुम्भ सेवा मेडल-2025 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित मेडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वीकृत किया गया, जिसे शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित गरिमामय समारोह में अपर पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन एवं आपात सेवा पद्मजा चौहान द्वारा प्रदान किया गया। कुम्भ मेले के दौरान अग्नि सुरक्षा, आपात प्रबंधन, संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी, आधुनिक संसाधनों का प्रभावी उपयोग और विभिन्न विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सुनील सिंह ने अपनी कार्यकुशलता का उत्कृष्ट परिचय दिया। विपरीत परिस्थितियों में भी त्वरित निर्णय क्षमता, टीम का सशक्त नेतृत्व और जन-सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना उनकी कार्यशैली की विशेष पहचान रही। सीएफओ सुनील सिंह का सेवाकाल केवल कुम्भ तक सीमित नहीं रहा है। पूर्व में गाजियाबाद पुलिस में भी उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, जहां उन्होंने अग्निशमन व्यवस्था को मजबूत करने, आपात स्थितियों में त्वरित रिस्पॉन्स सिस्टम विकसित करने और कर्मियों को आधुनिक प्रशिक्षण देने में उल्लेखनीय योगदान दिया। बड़े आयोजनों, वीआईपी ड्यूटी तथा शहरी आपदा प्रबंधन में उनके अनुभव और दूरदर्शिता से विभाग को निरंतर लाभ मिला। उनका सरल, सौम्य एवं सहयोगी व्यवहार, साथ ही अधीनस्थ पुलिस व अग्निशमन कर्मियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण, उन्हें एक आदर्श अधिकारी के रूप में स्थापित करता है। अनुशासन, समर्पण और उच्च कार्यकौशल के साथ टीम को प्रेरित करना उनकी सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है, जिसकी सराहना वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर जमीनी स्तर के कर्मियों तक करते हैं। मुख्यमंत्री कुम्भ सेवा मेडल-2025 से सम्मानित होना न केवल मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील सिंह की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग की कार्यक्षमता, प्रतिबद्धता और जनसेवा की भावना का भी प्रतीक है। यह सम्मान उनके द्वारा अब तक किए गए उत्कृष्ट, साहसिक और समर्पित कार्यों की औपचारिक स्वीकृति है।

# भोपुरा गांव के किसानों की 6% प्लॉट मांग को लेकर भोपुरा चौक पर धरना प्रदर्शन का ऐलान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार को विकास प्राधिकरण के सचिव विवेक कुमार मिश्र और तहसीलदार विवेक मिश्रा से भोपुरा गांव के किसानों की 6% प्लॉट की मांग को लेकर वार्ता हुई। वार्ता के दौरान सचिव ने कहा कि भोपुरा गांव की लगभग 91 एकड़ भूमि, जिसे वर्ष 2013 में अधिग्रहित किया गया था, वह भूमि अब बड़े-बड़े बिल्डरों को अलॉट की जा चुकी है।

सचिव ने कहा कि किसानों को 6% विकसित प्लॉट देने के लिए वर्तमान में विकास प्राधिकरण के पास कोई भूमि उपलब्ध नहीं है। यदि किसान स्वयं भूमि उपलब्ध कराते हैं, तभी 6% प्लॉट दिया जा सकता है, अन्यथा उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं है। इस बयान से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। किसानों ने एक स्वर में कहा कि विकास प्राधिकरण किसानों की भूमि उद्योगपतियों और बड़े बिल्डरों को दे रहा है और किसानों को वर्षों से 6% प्लॉट का झूठा वादा कर गुमराह किया जा रहा है। यह किसानों के साथ अन्याय और विश्वासघात है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि विकास प्राधिकरण ने 10 दिनों के भीतर किसानों की 6% प्लॉट की मांग पर कोई ठोस और लिखित निर्णय नहीं लिया, तो आगामी 5 फरवरी को भोपुरा चौक पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। जब तक किसानों की जायज मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

भारतीय किसान यूनियन अंबावता के जिला अध्यक्ष अमित कसाना ने कहा कि विकास प्राधिकरण किसानों को कमजोर और मूर्ख समझना बंद करे। किसान अपने अधिकारों के लिए संगठित है और संघर्ष के लिए तैयार है।

# संकल्पसिद्धि स्थल पर 11वाँ सरस्वती पूजनोत्सव भव्य रूप से संपन्न



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** क्षेत्र के संकल्पसिद्धि स्थल, दुर्गा पूजा प्रांगण में निवासियों द्वारा पिछले एक दशक से चली आ रही परंपरा को बरकरार रखते हुए इस वर्ष 11वाँ सरस्वती पूजनोत्सव अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। भक्ति के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए इस वर्ष के आयोजन को पूरी तरह इको-फ्रेंडली रखा गया।

आयोजन समिति ने बताया कि इस वर्ष पूजा का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना और जल प्रदूषण के प्रति जागरूक करना है। इसी संकल्प के साथ माँ सरस्वती की इको-फ्रेंडली प्रतिमा स्थापित की गई, ताकि विसर्जन के समय जलाशयों को क्षति न पहुँचे। श्रद्धालुओं के बीच माँ के प्रिय भोग के रूप में बुनिया, सेब, बेर, केसर और विशेष रूप से खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। दो दिवसीय इस महोत्सव का समापन शनिवार, 24 जनवरी को विसर्जन पूजा के साथ किया जाएगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संयोजक के रूप में राजीव झा, कैप्टन गोपाल सिंह, सतेंद्र श्रीवास्तव, निधि विश्वकर्मा, बिंदु शेखर, गिरीश ठाकुर, दयानंद झा, सुधांशु सिंह, धीरज झा, मुकेश, सुनील श्रीवास्तव, अदिति, दृष्टि और अर्शिया सहित अन्य भक्तों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राम मंदिर वर्षगांठ पर रोटरी क्लब ने वृद्धों के संग बांटी खुशियां, वाशिंग मशीन भेंट की





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राम जन्म मंदिर के शिलान्यास की द्वितीय वर्षगांठ के शुभ अवसर पर रोटरी क्लब गाजियाबाद विकास द्वारा दुहाई स्थित आवासीय वृद्ध आश्रम में एक भव्य सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने आश्रम में रह रहे लगभग 90 वृद्धजनों के साथ न केवल समय व्यतीत किया, बल्कि उनकी मूलभूत सुविधाओं के लिए सहयोग भी प्रदान किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में बुजुर्गों के लिए विशेष 'सुरुचि चाट' के स्टॉल लगाए गए, जिसका सभी वृद्धों ने बड़े उत्साह के साथ आनंद लिया। इस अवसर पर वृद्धजनों की सुविधा हेतु एक वॉशिंग मशीन भी भेंट की गई। यह मशीन समरकूल होम अप्लायंसेज लि. के चेयरमैन संजीव गुप्ता के सौजन्य से प्रदान की गई। बढ़ती ठंड को देखते हुए क्लब द्वारा सभी बुजुर्गों को गर्म टोपियां और गजक वितरित की गई, जिससे बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी।

क्लब के अध्यक्ष कैलाश चंद गोयल ने रोटरी के असिस्टेंट गवर्नर महेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इसके साथ ही समारोह के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह, रोटेरियन मोतीलाल, अतिथि आर.के. गोयल, आश्रम की प्रबंधिका इंद्रेश कुलश्रेष्ठ और सहायक प्रबंधक राजेश का भी क्लब द्वारा अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर क्लब के सचिव रोटेरियन कैलाश मंगला ने सभी रोटेरियन साथियों का उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। क्लब के सदस्यों ने इस सेवा कार्य के माध्यम से यह संदेश दिया कि बुजुर्गों की सेवा ही ईश्वर की आराधना है।

# गाजियाबाद में नोएडा जैसा हादसा: पुल के बीच था खतरनाक गैप, नाले में स्कूटी समेत गिरे भाई-बहन

**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर में नोएडा जैसा हादसा हो गया। बृहस्पतिवार रात स्कूटी सवार बहन भाई दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित गंदे नाले में गिर गए। हादसे में बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। गंदे नाले के नए व पुराने पुलों के बीच लगभग 4 फीट का गैप है और पुराने पुल की दीवारें बेहद छोटी व टूटी हुई है। जिस कारण यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। नगर की सुदामापुरी कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय युवक अजय सक्सेना बृहस्पतिवार रात अपनी छोटी बहन साक्षी के साथ स्कूटी से मोदी मंदिर के पास एक रेस्टोरेंट में डिनर करने गए थे। रात करीब 10 बजे वह लौट रहे थे। इसी बीच जैसे ही वह साईं मंदिर के पास पहुंचे तभी स्कूटी गंदे नाले के नए में पुराने पुलों के बीच बने गैप से नीचे गिर गई। मौके पर चीख पुकार मच गई। लगभग 20 मिनट तक दोनों बहन भाई नाले में फसे रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।